शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 11 | अंक : 314 | गुवाहाटी | मंगलवार, 17 जून, 2025 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

जनता की सेवा हमारे डीएनए में, हम जनसेवक हैं शासक नहीं : रक्षामंत्री पेज 2
नमाज-कलमा पढ़ने के अभिज्ञ गौरव कीर्तन घोषा भी पढ़ें : दिलीप सैकिया पेज 3
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 वर्षों में बदली गरीब की तकदीर और हिंदुस्तान की... पेज 5
अर्जुन बाबूटा ने शूटिंग लीग ऑफ इंडिया के लॉन्च पर कहा, अब इस खेल... पेज 7

## 2027 में दो चरणों में पूरी होगी 16वीं जनगणना प्रक्रिया

### केंद्र ने जारी की अधिसूचना



**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्र सरकार ने सोमवार को 2027 में होने वाली 16वीं जनगणना के लिए राजपत्र अधिसूचना जारी कर दी है। इस जनगणना में पहली बार जाति गणना भी शामिल होगी। अधिसूचना के अनुसार लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के केंद्र शासित प्रदेशों में जनगणना 1 अक्तूबर, 2026 की मध्यरात्रि से शुरू होगी, जबकि देश के बाकी हिस्सों में गिनती 1 मार्च, 2027 की मध्यरात्रि से शुरू होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि केंद्रीय सरकार, जनगणना अधिनियम, 1948 (1948 का 37) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग 2, खंड 3, उप-खंड (2), तारीख 28 मार्च, 2019 में प्रकाशित भारत सरकार के गृह मंत्रालय (भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय) की अधिसूचना संख्या का.आ. 1455(अ), तारीख 26 मार्च, 2019 के अधिक्रमण में उन बातों के सिवाय जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पहले किया गया है या करने का लोप किया गया है. यह घोषणा करती है कि भारत की जनसंख्या की जनगणना वर्ष 2027 के दौरान की जाएगी। अधिसूचना में कहा गया है कि जनगणना के लिए संदर्भ तारीख, संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख के और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फ से घिरे असमकालिक क्षेत्रों के सिवाय, मार्च, 2027 के पहले दिन के 00:00 बजे होगी। अधिसूचना में कहा गया है कि संघ राज्य क्षेत्र लद्दाख , जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड राज्यों के बर्फ से घिरे असमकालिक क्षेत्रों के संबंध में, संदर्भ तिथि 1 अक्तूबर, 2026 को 00:00 बजे होगी। अधिसूचना जारी करने से एक दिन पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, महारजिस्ट्रार और जनगणना आयुक्त और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आगामी जनगणना की तैयारियों की समीक्षा की थी। जनगणना दो चरणों में की जाएगी। पहले चरण यानी हाउसलिस्टिंग ऑपरेशन (एचएलओ) में प्रत्येक घर की आवासीय स्थिति, संपत्ति और सुविधाओं के बारे में जानकारी एकत्र की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण यानी जनसंख्या गणना (पीई) में प्रत्येक घर के प्रत्येक व्यक्ति -शेष पृष्ठ दो पर

*धुबड़ी मंदिर मामला*

## मुख्यमंत्री ने घटना में हिंदू की संलिप्तता को खारिज किया



**गुवाहाटी (हि.स.)।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने धुबड़ी में हनुमान मंदिर में गोमांस फेंकने की घटना में किसी भी हिंदू की संलिप्तता से साफ इनकार किया है, उन्होंने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोग अल्पसंख्यक समुदाय से हैं। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि वह राजनीतिक लाभ के लिए मामले को सांप्रदायिक बना रही है। विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए, शर्मा ने सोशल मीडिया पर कहा कि कांग्रेस की मानसिकता उजागर हो गई है। वे हिंदुओं को दोषी ठहरा रहे हैं, जबकि सबूत कहीं और इशारा कर -शेष पृष्ठ दो पर

*डीजीपी ने धुबड़ी से दी कड़ी चेतावनी, कहा-*

## किसी को भी असम का सौहार्द बिगाड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी



**धुबड़ी।** असम में बढ़ते सांप्रदायिक तनाव और सामाजिक सद्भाव को खतरा पहुंचाने वाली हालिया घटनाओं के बीच, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) हरमीत सिंह ने सोमवार को धुबड़ी के अपने दौरे के दौरान एक दृढ़ और आश्वस्त करने वाला बयान जारी किया। सिंह, जो पहले असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा के साथ गए थे और मुख्यमंत्री के निर्देश पर वापस लौटे, ने कहा कि राज्य सरकार शांति भंग करने या किसी भी धार्मिक भावनाओं का अनादर करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगी। धुबड़ी में मीडिया को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि जहां तक मेरा मानना है, मौजूदा स्थिति नियंत्रण में है। असम के सीएम खुद यहां आए थे, मैं उनके साथ आया था और आज भी मैं उनके निर्देशानुसार आया हूं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि किसी को भी किसी भी तरह की अराजकता फैलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी -शेष पृष्ठ दो पर

## अंबुबासी महायोग 22 से, प्रशासन ने की विशेष तैयारियां

**गुवाहाटी (हि.स.)।** नीलाचल पर्वत पर स्थित मां कामाख्या धाम में आगामी 22 जून से अंबुबासी महायोग का शुभारंभ होने जा रहा है। 22 जून की दोपहर 2.56 बजे से प्रवृत्ति आरंभ होते ही मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए बंद कर दिए जाएंगे। मंदिर के द्वार 23, 24 और 25 जून को पूरी तरह बंद रहेंगे। 26 जून की सुबह, निवृत्ति के बाद मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए पुनः खोल दिए जाएंगे। सोमवार को कामाख्या मंदिर -शेष पृष्ठ दो पर

## सरकार ने ग्वालपाड़ा-बंगाईगांव में 693 परिवारों द्वारा अतिक्रमण की गई भूमि को खाली कराने के लिए अभियान चलाया



**ग्वालपाड़ा।** असम सरकार ने सोमवार को 693 परिवारों को बेदखल करने के लिए बेदखली अभियान शुरू किया, जिनमें से अधिकतर प्रवासी बंगाली भाषी मुस्लिम समुदाय के हैं, जिन्होंने कथित तौर पर ग्वालपाड़ा और बंगाईगांव के दो जिलों में जमीन के बड़े हिस्से पर अतिक्रमण कर लिया था। इस बात की जानकारी स्थानीय अधिकारियों द्वारा दी गई। अधिकारियों के अनुसार, ग्वालपाड़ा जिले के हसिलाबील गांव से 667 परिवारों को निकाला गया, जबकि बंगाईगांव जिले के भंडारा से 29 परिवारों को हटाया गया। ग्वालपाड़ा में अभियान कड़ी सुरक्षा के बीच सुबह 7 बजे शुरू हुआ। डिप्टी कमिश्नर खनिंद्र चौधरी ने कहा कि अतिक्रमणकारियों की ओर से कोई प्रतिरोध नहीं हुआ और पूरे दिन में किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। बारिश के कारण दोपहर करीब 3 बजे अभियान रोक दिया गया। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि मंगलवार को सुबह 8 बजे अभियान फिर से शुरू होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण वाले लगभग 60 प्रतिशत क्षेत्र को साफ कर दिया गया है और कांक्रीट के घरों को ध्वस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि बालिजाना -शेष पृष्ठ दो पर

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सांसद स्वैच्छिक कोष घोटाला मामले में सांसद अजीत भुईयां से 5 घंटे पूछताछ



**गुवाहाटी (हि.स.)।** राज्यसभा सांसद अजीत कुमार भुईयां सोमवार को एक राजनीतिक भूचाल के केंद्र में उस समय आ गए जब उन्हें मुख्यमंत्री विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ (एसवीसी) ने कथित सांसद स्वैच्छिक कोष के दुरुपयोग मामले में पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ के लिए तलब किया। यह पूछताछ 2021-22 और 2022-23 के दौरान सांसद स्वैच्छिक कोष के उपयोग में भ्रष्टाचार के आरोपों के आलोक में की गई, जिसकी शुरुआत फरवरी 2023 में सामने आई मीडिया रिपोर्टों से हुई थी। इन खुलासों के बाद कई असम सिविल सेवा अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया था या पद से हटाया दिया -शेष पृष्ठ दो पर

## लखीमपुर की जल योजना में गहरे कुओं की जगह सुबनसिरी नदी का पानी आएगा

### सीएम ने दूसरे चरण को दिखाई हरी झंडी



**गुवाहाटी।** लखीमपुर के लोगों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को घोषणा की कि शहर की जलापूर्ति अब गहरे ट्यूबवेल पर निर्भर रहने के बजाय सुबनसिरी नदी से की जाएगी। शर्मा ने लखीमपुर शहर की जलापूर्ति परियोजना के दूसरे चरण की आधारशिला (भूमि पूजन) रखते हुए कहा कि गहरे ट्यूबवेल में अक्सर आर्सेनिक और फ्लोराइड के अंश पाए जाते -शेष पृष्ठ दो पर

## बिहार में आकाशीय बिजली गिरने से नौ की मौत

**पटना (हि.स.)।** बिहार में सोमवार को बक्सर, पश्चिम चंपारण, लखीसराय और कैमूर में आकाशीय बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत हो गई। इसमें बक्सर में चार, पश्चिम चंपारण में तीन और लखीसराय व कैमूर में एक-एक शख्स की मौत हुई है। मृतकों में दो महिलाएं और दो छात्र शामिल हैं जबकि कई बच्चे और अन्य लोग घायल हुए हैं। बक्सर जिले के अलग-अलग हिस्सों में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से चार युवकों की मौत हो गई और पांच युवक झुलस गए। इनका इलाज चल रहा है। मुफस्सिल थाना के चौसा थाना घाट के समीप तीन लोगों की मौत हुई है। राजपुर थाना के दवेढ़ियां गांव में 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई है। दोपहर दो बजे के लगभग अचानक मौसम बदला और बादल गरजने के साथ थाना घाट चौसा के समीप बिजली गिरी। वहां कुछ लोग भैंस चरा रहे थे और पास में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। इस दुर्घटना में विरेंद्र गोंड (50) पुत्र स्व सूरज गोंड, मिथिलेश राम (22) बलिराम राम एवं श्रीभगवान उर्फ झोला यादव (50) निवासी नरबतपुर की -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*वन की अग्नि चंदन की लकड़ी को भी जला देती है, अर्थात दुष्ट व्यक्ति किसी का भी अहित कर सकते हैं।*

**- आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

## ईरान-इजराइल संघर्ष पर ईयू चिंतित

**ब्रसेल्स (हि.स.)।** ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते सैन्य टकराव को लेकर यूरोपीय संघ (ईयू) ने गहरी चिंता जताई है। इसी सिलसिले में यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कैलास ने मंगलवार को ईयू के सभी विदेश मंत्रियों की एक आपातकालीन वीडियो कांफ्रेंस बैठक बुलाई -शेष पृष्ठ दो पर

## प्रधानमंत्री मोदी को मिला साइप्रस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान



**नई दिल्ली (हि.स.)।** साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडुलाइड्स ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान *ग्रैंड क्रॉस ऑफ द ऑर्डर ऑफ मकारियोस 3* प्रदान किया। यह सम्मान उन्हें दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक मैत्री और सहयोग के प्रतीक के रूप में दिया गया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक्स पर फोटो साझा करते हुए इसे भारत-साइप्रस मैत्री और साझी वैश्विक दृष्टि का सम्मान बताया। यह सम्मान दोनों देशों के बीच स्थायी और विश्वसनीय संबंधों का प्रमाण है। सम्मान स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इसे 140 करोड़ भारतीयों को समर्पित किया। उन्होंने साइप्रस के राष्ट्रपति, सरकार और जनता के प्रति आभार जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह सम्मान भारत की प्राचीन सोच *वसुधैव कुटुंबकम्* को मिली वैश्विक मान्यता है, जो शांति -शेष पृष्ठ दो पर

## पूर्व सीएम विजय रूपाणी का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार



**अहमदाबाद।** गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी को 21 तोपों की सलामी दी गई। पूर्व सीएम का अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत भी मौजूद रहे। अहमदाबाद में एयर इंडिया विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की मौत हो गई, जिससे राजनीतिक बिरादरी सदमे में है। गुजरात की राजनीति के दिग्गज विजय रूपाणी ने 1987 में राजकोट नगर निगम में पार्षद के रूप में अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की थी। साधारण शुरुआत से, वे लगातार आगे बढ़ते गए - राजकोट के मेयर, राज्यसभा सांसद, गुजरात भाजपा के अध्यक्ष, कैबिनेट मंत्री और अंततः 2016 में गुजरात -शेष पृष्ठ दो पर

## अंतिम सांस तक हत्यारों से लड़ा था राजा : पुलिस



**मेघालया।** राजा रघुवंशी मर्डर केस को लेकर लगातार नए-नए खुलासे हो रहे हैं। इसी बीच पुलिस ने जानकारी दी है कि मेघायल में राजा पर सबसे पहले विशान चौहान ने डाव से हमला किया था। पुलिस ने ये भी बताया कि जब राजा पर हमले हो रहे थे तो उसने खुद को बचाने की पूरी कोशिश की थी। पुलिस को जांच के दौरान यह भी पता चला है कि आरोपी ने गुवाहाटी के रेलवे स्टेशन के पास से दाव खरीदा था। राजा और सोनम रघुवंशी अपने हनीमून के लिए मेघालय में थे, जब वे 23 मई को लापता हो गए। राजा का शव 2 जून को वेइसाडोंग फॉल्स के पास एक घाटी में मिला था। वहीं, सोनम ने उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर -शेष पृष्ठ दो पर

## चौथे दिन ईरान ने इजराइल पर सौ मिसाइलें दागीं

### तीन लोगों की मौत व 74 घायल, अमेरिकी दूतावास भी बना निशाना



**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच जारी टकराव चौथे दिन भी नहीं थमा। सोमवार को ईरान ने इजराइल के मध्य और उत्तरी हिस्सों पर लगभग 100 मिसाइलें दागीं। इन हमलों में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और 74 से अधिक लोग घायल हो गए जिनमें एक महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है। ईरान ने यह हमला इजराइल द्वारा उसके परमाणु और सैन्य ठिकानों पर शुक्रवार को किए गए हमले के जवाब में किया। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि यदि इजराइल हमले बंद करता है, तो ईरान भी जवाबी कार्रवाई रोक सकता है। तेल अवीव में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के पास एक मिसाइल गिरी जिससे दूतावास को मामूली नुकसान हुआ। किसी अमेरिकी कर्मचारी को चोट नहीं आई, पर सावधानी के तौर पर दूतावास बंद कर दिए गए। पेटाह टिकवा शहर में एक रिहायशी इमारत को मिसाइल ने पूरी तरह नुकसान पहुंचाया। कई अपार्टमेंट जलकर खाक हो गए। इजराइल की आपात सेवा *मैगन डेविड एडोम* के अनुसार, दो महिलाओं और एक पुरुष की मौत हुई व 74 घायलों को -शेष पृष्ठ दो पर

## ईरान ने मानी भारत की बात, दस हजार भारतीयों को निकालेगी सरकार



**नई दिल्ली।** इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच, तेहरान ने ईरानी शहरों में फंसे अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के लिए भारत की अपील पर प्रतिक्रिया दी। वर्तमान में, लगभग 10,000 भारतीय ईरान में हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में छात्र हैं जो ईरान के विभिन्न चिकित्सा और धार्मिक संस्थानों में पढ़ रहे थे। कई मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, तेहरान ने कहा कि चल रहे संघर्ष के कारण ईरानी हवाई क्षेत्र बंद है, लेकिन अजरबैजान, तुर्कमेनिस्तान और अफगानिस्तान के साथ सभी भूमि सीमाएं वर्तमान में खुली हैं और इनका उपयोग भारतीय नागरिकों की सुरक्षित निकासी के लिए किया जा सकता है। ईरान के -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

97070-14771
86382-00107

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# जनता की सेवा हमारे डीएनए में, हम जनसेवक हैं शासक नहीं : रक्षामंत्री

**भोपाल/पचमढ़ी ( हि.स. )।** सभी सांसद और विधायक हमेशा संगठन से जुड़े रहें, क्योंकि संगठन तब भी था जब सत्ता नहीं थी। कार्यकर्ताओं को सम्मान दें और उनकी बात सुनें क्योंकि भाजपा की असली ताकत जनता का भरोसा और कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही है। जनता की सेवा हमारे डीएनए में है, हम जनसेवक हैं शासक नहीं। जनता का भरोसा और कार्यकर्ताओं का परिश्रम ही भाजपा की असली ताकत है। जनता का भरोसा जीतें और हर संकट के समय सबसे पहले जनता के बीच पहुंचें। महापुरूषों की विचारधारा को आगे बढ़ाकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करें। हमारा उद्देश्य सत्ता प्राप्ति नहीं, जनता की सेवा है, इसलिए हमने अपने विचारों से कभी समझौता नहीं किया। हमारी कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं इसलिए भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी। हमारे लिए राष्ट्र निर्माण और विचारधारा सबसे प्रथम है। सोमवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह पचमढ़ी में आयोजित तीन दिवसीय भाजपा सांसद एवं विधायकों के प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में प्रशिक्षण की परंपरा सतत और प्राचीन है। यह पार्टी की कार्यशैली का अंग है। आज भाजपा सबसे बड़ी पार्टी है और उसकी एक अलग पहचान है। लेकिन पार्टी की इस विकास यात्रा में तीन चीजें नहीं बदलीं। ये हैं- प्रशिक्षण, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद और गरीब कल्याण की भावना। यह प्रशिक्षण वर्ग आप सभी के लिए पार्टी की वैचारिक यात्रा को समझने और आत्मसात, आत्मचिंतन करने का अवसर है। श्रद्धेय अटलजी ने कहा था कि सत्ता प्राप्ति का उद्देश्य सिर्फ राष्ट्रसेवा होना चाहिए। हमारी जिस वैचारिक यात्रा का शुभारंभ डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल उपाध्याय ने किया था वह आज भी जारी है। हमारे लिए राजनीति राष्ट्रनिर्माण का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी यह यात्रा आज भी चल रही है और भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। लेकिन हमने अपनी विचारधारा और सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। हमारी नीयत और नीतियां आज भी वही हैं। हम अपने मूल विचार से भटके नहीं हैं। भाजपा आज जहां पहुंची है, उसमें हमारे पूर्वजों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। पं.दीनदयाल जी ने हमें एकात्म मानववाद दिया, श्रद्धेय अटलजी ने हमें संयम सिखाया और श्रद्धेय कुशाभाऊ ठाकरे के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। यह प्रशिक्षण वर्ग इसी संकल्प को पुष्ट करने के लिए है। उन्होंने कहा कि हमारी परंपरा राष्ट्र प्रथम की रही है। पं. दीनदयाल चुनाव हार गए, लेकिन उन्होंने अपने विचारों, सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। आप कभी ऐसा आश्वासन न दें, जो पूरा न किया जा सकता हो और सिद्धांतों से समझौता न करें। राजनाथ सिंह ने कहा कि विकसित भारत हमारा लक्ष्य नहीं, बल्कि संकल्प है। भारत को आत्मनिर्भर, समावेशी और गौरवशाली राष्ट्र बनाने में आपकी भूमिका महत्वपूर्ण है। देश आज सुरक्षित है और सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। हमारी अर्थव्यवस्था 11 वें स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंचने जा रही है और ये बात सिर्फ आंकड़ों की नहीं है, बल्कि बदलाव जमीन पर दिखाई देता है। देश हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। रक्षा क्षेत्र में अब हम एक निर्यातक देश के रूप में उभर रहे हैं। भारत अपनी संप्रुभता और अखंडता की रक्षा करने में कोई समझौता नहीं करेगा, हमने यह ऑपरेशन सिंदूर में भी देखा है।

# चिरांग में उन्नत योग पार्क का उद्घाटन



**चिरांग।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले चिरांग के जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय आयुष मिशन, असम के सहयोग से सोमवार को नए उन्नत योग पार्क का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह का नेतृत्व जिला आयुक्त जतिन बोरा ने किया, जिन्होंने एडीसी (स्वास्थ्य) शिल्पिका कलिता, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के संयुक्त निदेशक डॉ. शशि सोनोवाल, आयुष नोडल अधिकारी डॉ. राजू कुमार दास, स्वास्थ्य सेवाओं के संयुक्त निदेशक डॉ. रेजाउल करीम और डीआरडीए के परियोजना निदेशक प्रभारी अरबिंद राभा की उपस्थिति में उन्नत सुविधा का औपचारिक रूप से अनावरण किया। कार्यक्रम में शिक्षकों, मीडिया प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों, छात्रों और स्थानीय लोगों ने भी भाग लिया। इस अवसर को चिह्नित करने और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले गति बनाने के लिए, नव उन्नत योग पार्क और जिला परेड ग्राउंड, काजलगांव में जिला स्तरीय योग आसन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में चार अलग-अलग आयु-समूह श्रेणियों के प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिससे सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा मिला और शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया। यह आयोजन पारंपरिक स्वास्थ्य प्रथाओं के एकीकरण के माध्यम से एक स्वस्थ, अधिक सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन और राष्ट्रीय आयुष मिशन की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

*No.IPR-114/AWP/2024-25/101* *Dated.16/06/2025*

**SHORT NOTICE TENDER**

Sealed tender affixing Court Fee /e-stamp of ¹ 8.25 (Rupees eight and twenty five paisa) only in two-bid system are invited from reputed EMA/ NGO/ Firm/Societies having sound technical and financial capacity and experience in providing event management services in the Government for Event Management of the Awareness programme on "Healthy Minds, Healthy Habits: Growing Strong for a Better Tomorrow" for the students of 5 Districts of BTR.

The tender must reach the undersigned up to 13.00 Hrs. on 24th June,2025. Intending Bidder(s) should submit tenders into the Tender Box kept in the office of RO cum CHD, IPRD, BTC, Kokrajhar.

Intending bidder(s) may collect the Tender Paper on submission of non- refundable Rs.500/- (Rupees Five Hundred) only in the form of Demand Draft/Bank Draft/Bankers Cheque pledged in favour of Principal Secretary, Bodoland Territorial Council, Kokrajhar along with written application on any working day during office hours till 23rd June, 2025.

Sd/- RO cum CHD
Information & Public Relations
Bodoland Territorial Council,
Kokrajhar

*IPR(BTC)/C/2025-26/887*

## नगांव में तालाब से युवक का शव बरामद

**नगांव ( हिंस )।** नगांव के काछमारी-चकलाघाट संपर्क मार्ग के किनारे स्थित एक तालाब से सोमवार को एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक की पहचान बेजर गांव निवासी तपन डेका के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार, युवक शनिवार रात से लापता था। घटनास्थल से एक स्कूटी (एएस-02एजी-3491) भी बरामद हुई है, जिसे युवक प्रयोग करता था। घटना की सूचना मिलते ही जाजोरी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कचूदरम में 50 लाख का मादक पदार्थ, 16.23 लाख नकद बरामद

**कछार ( हिंस )।** ड्रग्स के विरुद्ध अभियान में कछार पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर रविवार को पुलिस ने कछार जिले के कचूदरम इलाके के बाउरिकांदी में एक महिला के घर पर छापा मारा। छापामारी के दौरान पुलिस ने महिला के घर से भारी मात्रा में हेरोइन जब्त की। पुलिस ने हेरोइन से भरे 6 साबुनदानी बरामद किए, जिनसे कुल 72 ग्राम हेरोइन जब्त की गई। तलाशी के दौरान ड्रग्स तस्कर नजमा बेगम लस्कर के घर से 16 लाख 23 हजार रुपए की नकदी भी बरामद की गई। कछार के पुलिस अधीक्षक नुमाल महत्ता ने सोमवार को जानकारी दी कि जब्त की गई हेरोइन की काला बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 50 लाख रुपए है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक यह नशीला पदार्थ पड़ोसी राज्य मिजोरम से तस्करी कर कछार में बिक्री के लिए लाया गया था।

## डंपर चोरी मामले में एक गिरफ्तार

**दरंग ( हिंस )।** दरंग जिले के दलगांव पुलिस ने डंपर चोरी मामले में शामिल एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि बीते 14 जून को दलगांव के कबीर अली के घर से चोर डंपर (एएस-13एसी-5128) चुरा कर फरार हो गए थे। घटना के संबंध में वाहन मालिक द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर दलगांव थाना प्रभारी मनोज नार्जारी के नेतृत्व में दलगांव पुलिस थाने के उप परिदर्शक बुद्धिन हाजारिका के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने नगालैंड पुलिस की मदद से कोहिमा से चुराए गए डंपर समेत सिरजीवन अली नामक चोर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वाहन चोर अरुणाचल प्रदेश के तवांग का रहने वाला बताया गया। पुलिस पहले से दर्ज प्राथमिकी के आधार पर गिरफ्तार वाहन चोर से सघन पूछताछ कर रही है।

## एफएटीएफ ने की पहलगाम हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** वैश्विक निगरानी संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए सोमवार को कहा कि उसने आतंकवाद की फंडिंग रोकने के लिए देशों द्वारा लागू किए गए उपायों की प्रभावशीलता पर अपना ध्यान और अधिक केंद्रित किया है। एफएटीएफ ने एक बयान में कहा कि आतंकी हमले दुनिया भर में लोगों को मारते हैं, घायल करते हैं और भय पैदा करते हैं। एफएटीएफ 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए निर्मम आतंकी हमले को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करता है और इसकी निंदा करता है। यह और हालिया अन्य हमले पैसे और आतंकियों के समर्थकों के बीच धन के आदान-प्रदान के बिना संभव नहीं हो सकते थे। यह बयान उस समय आया है जब भारतीय एजेंसियों ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को लगातार समर्थन देने और बहुपक्षीय फंड्स का हथियार खरीद के लिए उपयोग करने का आरोप लगाया है। एफएटीएफ ने कहा कि आतंकवाद दुनिया भर के समाजों और नागरिकों के लिए खतरा है। इसलिए वैश्विक निगरानी संस्था अपने वैश्विक नेटवर्क के भीतर 200 से अधिक न्यायक्षेत्रों को आतंकी फंडिंग के खिलाफ अपने उपायों को बनाने और बढ़ाने के लिए समर्थन दे रही है। इसमें वित्तीय खुफिया जानकारी का रणनीतिक उपयोग भी शामिल है। इसके अलावा हमने देशों द्वारा किए गए उपायों की प्रभावशीलता पर ध्यान दिया है।

*No.IPR-114/AWP/2024-25/102* *Dated.16/06/2025*

**SHORT NOTICE TENDER**

Sealed tender affixing Court Fee /e-stamp of Rs.8.25 (Rupees eight and twenty five paisa) only in two-bid system are invited from reputed EMA/ NGO/ Firm/Societies having sound technical and financial capacity and experience in providing event management services in the Government for Event Management of the Awareness programme on "Stay Smart, Stay Safe: Responsible Use of Social Media and the Digital World" for the school students of 5 Districts of BTR.

The tender must reach the undersigned up to 13.00 Hrs. on 24th June,2025. Intending Bidder(s) should submit tenders into the Tender Box kept in the office of RO cum CHD, IPRD, BTC, Kokrajhar.

Intending bidder(s) may collect the Tender Paper on submission of non- refundable Rs.500/- (Rupees Five Hundred) only in the form of Demand Draft/Bank Draft/Bankers Cheque pledged in favour of Principal Secretary, Bodoland Territorial Council, Kokrajhar along with written application on any working day during office hours till 23rd June, 2025.

Sd/- RO cum CHD
Information & Public Relations
Bodoland Territorial Council, Kokrajhar

*IPR(BTC)/C/2025-26/890*

# पृष्ठ एक का शेष

### 2027 में दो चरणों ...

की जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक, सांस्कृतिक और अन्य जानकारी एकत्र की जाएगी। जनगणना में जाति गणना भी की जाएगी। जनगणना कार्य के लिए लगभग 34 लाख कर्मचारी और पर्यवेक्षक तथा लगभग 1.3 लाख जनगणना पदाधिकारी तैनात किए जाएंगे। यह जनगणना प्रक्रिया शुरू होने के बाद से 16वीं जनगणना है और स्वतंत्रता के बाद की 8वीं जनगणना है। आगामी जनगणना मोबाइल एप्लीकेशन का उपयोग करके डिजिटल माध्यम से की जाएगी। लोगों को स्व-गणना का प्रावधान भी उपलब्ध कराया जाएगा। संग्रहण, प्रेषण और भंडारण के समय डेटा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहुत कड़े डेटा सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री ने घटना ...

रहे हैं। आरोपित अल्पसंख्यक समुदाय से हैं, फिर भी कांग्रेस तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश करने की कोशिश कर रही है। बाद में मीडिया ब्रीफिंग में, मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कृत्य व्यापक अल्पसंख्यक आबादी का प्रतिनिधित्व नहीं करता है, बल्कि मुट्ठी भर बदमाशों द्वारा किया गया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समुदाय का बहुमत ऐसे कृत्यों की निंदा करता है, लेकिन कांग्रेस अभी भी इस घटना का इस्तेमाल एक समूह को दूसरे के खिलाफ खड़ा करने के लिए कर रही है। कांग्रेस के इस सुझाव पर कि हिंदू जिम्मेदार हो सकते हैं, शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि इस तरह का विकृत तर्क किसी को यह दावा करने के लिए प्रेरित करता है कि हिंदू ने गोमांस से मंदिर को अपवित्र किया ? सबूत कहां है ? अगर कोई ऐसा दावा करता है, तो पहले सबूत सामने आने चाहिए। उन्होंने कहा कि अतीत में भी इसी तरह की घटनाओं में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग शामिल रहे हैं, फिर भी कांग्रेस बिना किसी आधार के हिंदुओं को निशाना बना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की नीति अपनाती रही है।

### किसी को भी असम...

को भी असम की सद्भावना को तोड़ने या किसी धर्म या धार्मिक स्थल का अनादर करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपद्रवियों द्वारा हाल ही में अशांति फैलाने के प्रयासों का जिक्र करते हुए सिंह ने स्पष्ट किया कि असम की शांतिपूर्ण प्रगति से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि असम में हम जो प्रगति और शांतिपूर्ण जीवन जी रहे हैं, उसे बाधित करने की किसी की कोशिश का कोई सवाल ही नहीं उठता। डीजीपी ने सक्रिय रूप से विभिन्न समुदायों और धार्मिक समूहों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ बैठकें कीं। सिंह ने कहा कि मैंने उन्हें बहुत स्पष्ट संदेश दिया है और कहा है कि वे अपने समुदायों में इस बारे में बात करें कि इस तरह के कृत्यों में कहां और कौन शामिल है, और जानकारी के साथ आगे आएं। उन सभी ने सहयोग करने का वादा किया है और प्रशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जमीनी स्थिति शांत और सामान्य बनी हुई है। उन्होंने पुष्टि की कि पूरी तरह से शांति है। बाजार खुले हैं। सब कुछ पूरी तरह से ठीक है, उन्होंने लोगों से अफवाहों में न पड़ने और भाईचारा बनाए रखने का आग्रह किया। डीजीपी की टिप्पणी एक महत्वपूर्ण समय पर आई है और यह सांप्रदायिक उकसावे पर सरकार के सख्त रुख को दर्शाती है, जिसमें राज्य के सौहार्द को बनाए रखने के लिए एकता और सक्रिय सार्वजनिक भागीदारी का आह्वान किया गया है।

### अंबुबासी महायोग 22 से...

प्रांगण में आयोजित एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कामरूप (मेट्रो) के आयुक्त, पुलिस प्रशासन और मंदिर प्रबंधन समिति ने यह जानकारी साझा की। मंदिर दोलोई समाज के वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि इस बार भी प्रशासन की प्राथमिकता शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित करना है। इस बार प्रशासन ने भी अपील की है कि कोई हुल्लड़ या अव्यवस्था न हो। गुवाहाटी पुलिस आयुक्त पार्थ सारथी महंत ने बताया कि पिछले दो वर्षों में सात दिनों के भीतर लगभग 27 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे। इस बार भूस्खलन की गंभीर समस्या को देखते हुए विशेष सावधानी बरती जा रही है। पर्वत पर चढ़ाई सुबह 5 बजे से शाम 6 बजे तक ही संभव होगी। श्रद्धालुओं को पैदल ही ऊपर जाना होगा। पांडु से कामाख्या की ओर जाने वाला मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा, केवल मेखेला उजोआ रास्ता और त्रिनाथ मंदिर के मार्ग ही खुले रहेंगे। दोलोई समाज के प्रतिनिधि कबिंद्र प्रसाद शर्मा ने बताया कि 26 और 27 जून को कोई वीआईपी या वीवीआईपी पास जारी नहीं किया जाएगा। 28 जून से सामान्य दर्शन की व्यवस्था फिर से शुरू होगी।

### सरकार ने ग्वालपाड़ा-बंगाईगांव ...

राजस्व क्षेत्र के अंतर्गत हसिलाबील में 1,555 बीघा के 45 प्रतिशत से अधिक भूमि पर अभियान चलाया गया। शेष भूमी में एक जल निकाय भी शामिल है। गांव में पांच निचले प्राथमिक विद्यालय हैं, जिन्हें भी ध्वस्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान के लिए करीब 20 बुलडोजर और उत्खनन मशीनों को लगाया गया है। चौधरी ने बताया कि निवासियों को 2023 और 2024 में बेदखली के नोटिस दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि हमने शुक्रवार को अंतिम नोटिस दिए, जिसमें उन्हें सोमवार सुबह तक अपने घर खाली करने को कहा गया है। उधर कई स्थानों पर अनुस्मारक के रूप में तख्तियां और पोस्टर भी लगाए गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत महंत सुबह से ही गांव में डेरा डाले हुए थे, जबकि आईजीपी (कानून व्यवस्था) अखिलेश कुमार सिंह बाद में स्थिति की समीक्षा करने पहुंचे। कई निवासी अपना सामान लेकर गांव छोड़ गए, लेकिन जो लोग रह गए, उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया कि उनका पुनर्वास किया जाए। वहीं स्थानीय एक व्यक्ति ने बताया कि मैं यहीं पैदा हुआ था और मेरे पिता भी यहीं पैदा हुए थे। मेरे दादाजी यहां तब बसे थे जब जोगीघोपा पुल का निर्माण किया जा रहा था। हम अधिकारियों के साथ सहयोग कर रहे हैं, लेकिन उनसे अनुरोध करते हैं कि वे हमें रहने के लिए कोई वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराएं। उधर एक अधिकारी ने बताया कि बंगाईगांव में पिछले सप्ताह अतिक्रमणकारियों को नोटिस दिए जाने के बाद भंडारा क्षेत्र में अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि परिवारों ने मंदिर-सत्र की 349 बीघा जमीन पर अतिक्रमण कर अपने घर बना लिए थे। परिवारों द्वारा अपना सामान लेकर चले जाने के कारण किसी अप्रिय घटना की कोई खबर नहीं है और घरों को गिराने का काम दिन में ही पूरा कर लिया गया।

### सांसद स्वैच्छिक कोष ...

गया था। पूछताछ के बाद सांसद ने चिंता व्यक्त की कि सांसद सिर्फ परियोजनाओं की सिफारिश करते हैं, जबकि फंड का वितरण और योजनाओं का क्रियान्वयन जिला प्रशासन करता है। उन्होंने कहा कि सांसद फंड नहीं चलाता, न ही योजनाएं लागू करता है, यह जिला उपायुक्त का काम है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या संबंधित उपायुक्त से भी पूछताछ की गई है। विपक्षी गठबंधन *असम संमिलित मोर्चा* के नेता अजीत कुमार भुईयां ने इस कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध की संज्ञा दी। उन्होंने कहा कि जब विपक्षी दल मजबूत हो रहे हैं, तब इस तरह की पूछताछ राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित प्रतीत होती है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व शर्मा ने भुईयां के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि जांच पूरी तरह निष्पक्ष और आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हम सांसद का सम्मान करते हैं, लेकिन उन्होंने जो सड़क परियोजना सुझाई थी, वह वास्तव में अस्तित्व में ही नहीं है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में कई लोगों की छवि साफ-सुथरी होती है, लेकिन तथ्यों की पुष्टि जरूरी है। उनका बयान ही जांच में अंतिम कड़ी थी। बहरहाल, जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, यह मामला असम की राजनीतिक परिस्थितियों को प्रभावित कर सकता है और आगामी चुनावों से पहले संभावित गठबंधनों और प्रतिद्वंद्विताओं को आकार दे सकता है। सतर्कता प्रकोष्ठ जल्द ही अपनी रिपोर्ट न्यायालय में पेश कर सकता है।

### लखीमपुर की जल ...

हैं, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। इस समस्या से निपटने के लिए हम अब सुबनसिरी नदी से पानी खींचेंगे। इस बदलाव को आसान बनाने के लिए 3,940 मीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि परियोजना का प्रथम चरण पहले ही चल रहा है और लगभग 30 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि दोनों चरण पूरे हो जाने के बाद लखीमपुर के निवासियों को ताजा और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। यह प्रगति स्थानीय विधायक मनब डेका के सक्रिय प्रयासों के कारण संभव हुई है। प्रथम चरण में कई नगरपालिका वार्डों को शामिल नहीं किया गया था, जबकि दूसरे चरण में अब शेष क्षेत्रों को शामिल करने का लक्ष्य है। शर्मा ने कहा कि वार्ड 8 से 14 को पहले बाहर रखा गया था। विधायक डेका के प्रयासों और 64.99 करोड़ रुपये के निवेश की बदौलत, चरण 2 शुरू हो गया है और दो साल के भीतर पूरा होने की उम्मीद है। क्षेत्र में जारी बाढ़ की स्थिति पर बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि समय पर तटबंध निर्माण के प्रयासों से बाढ़ के प्रभाव को कम करने में मदद मिली है, तथा प्रभावित निवासियों को आवश्यक राहत मिली है।

### प्रधानमंत्री मोदी को ...

और समृद्धि की दिशा में हमारे प्रयासों को प्रेरित करती है। प्रधानमंत्री ने इसे भारत-साइप्रस संबंधों को और मजबूत व बहुआयामी बनाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार दोनों देशों की शांति, संप्रभुता और विकास के प्रति साझा निष्ठा को दर्शाता है।

### पूर्व सीएम विजय रूपाणी ...

के मुख्यमंत्री बने। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने राजकोट में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के अंतिम संस्कार से पहले उन्हें श्रद्धांजलि दी। महिलाओं समेत कई लोगों ने नम आंखों से रूपाणी (68) को अंतिम विदाई देते हुए फूल बरसाए और हाथ जोड़े। उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। अंतिम यात्रा उनके घर से अंतिम संस्कार स्थल तक छह किलोमीटर की दूरी तय करके पहुंची। गुजरात सरकार ने रूपाणी की स्मृति में आज एक दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। गुजरात में भी रूपाणी ने भाजपा को 182 में से 156 सीटें जीतने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे 1995 से राज्य में पार्टी की पकड़ मजबूत हुई। रूपाणी उन 242 लोगों में शामिल थे जो विमान एआई-171 में सवार थे। विमान 12 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ा था और लंदन के गैटविक हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ था। भाजपा नेता ब्रिटिश राजधानी में अपनी बेटी से मिलने जा रहे थे। दुर्घटना के तीन दिन बाद डीएनए परीक्षण के जरिए रूपाणी के शव की पहचान की गई और उनके अवशेष उनके परिवार को सौंप दिए गए। अंतिम संस्कार के लिए उनके शव को अहमदाबाद से राजकोट ले जाया गया।

### बिहार में आकाशीय ...

मौत हो गई। घायलों में सोनू राम (18) पुत्र नंदजी राम, लालू राम (18) पुत्र बलिराम राम, नीरज कुमार (उम्र लगभग 18 वर्ष) पुत्र अमर भारती एवं अमित कुमार चौधरी (30) पिता उपेंद्र चौधरी शामिल हैं। पश्चिमी चंपारण जिले के लौरिया प्रखंड अंतर्गत सुअरछाप गांव में धान की रोपनी करने के दौरान आकाशीय बिजली से गिरने से एक महिला की मौत हो गई और पांच लोग झुलस गए। इधर, रामनगर थाना क्षेत्र के मेघवाल मठिया गांव में आम के बागीचे में खेल रहे बच्चों पर आकाशीय बिजली गिर गई। इस हादसे में दो छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। मृतकों में 22 वर्षीय शमीम अंसारी और 11 वर्षीय अजीम मियां की मौके पर ही मौत हो गई। कैमूर जिले के मोहनिया थाना अंतर्गत देवकली गांव से जहां एक महिला की मौत आकाशीय बिजली गिरने से हो गई है। मृत महिला की पहचान देवकली गांव निवासी राजकुमार राम की 36 वर्षीय पत्नी इंदु देवी के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि आज दोपहर सोमवार के दिन करीब 1:30 बजे के आसपास बारिश हो रही थी। इसी दौरान इंदु देवी घर के बाहर रखे उपले (गोइठा) को तिरपाल से ढकने के लिए गई, तभी आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आ गई। लखीसराय जिले के रामगढ़ चौक थाना क्षेत्र स्थित शेखपुरवा गांव में सोमवार दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से 45 वर्षीय विदेशी यादव की दर्दनाक मौत हो गई। वह खेत में काम कर रहे थे, तभी अचानक बिजली गिरने से उनकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई।

### अंतिम सांस तक ...

दिया था। इसके बाद पुलिस ने सोनम, उसके कथित प्रेमी राज कुशवाह, विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को हत्या की साजिश रचने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। हाल ही में एक वीडियो सामने आया है जिसमें राजा और सोनम मेघालय के पहाड़ों में ट्रैकिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। हत्या के दिन, दंपती ने होम स्टे से चेक आउट किया और चेरापूंजी की यात्रा पर निकल पड़े थे। राजा के परिवार ने मुख्य आरोपी सोनम के माता-पिता पर नार्को-एनालिसिस टेस्ट की मांग की है और कहा है कि परिवार को हत्या में और लोगों के शामिल होने का संदेह है। हाल ही में एक वीडियो सामने आया है जिसमें राजा और सोनम मेघालय के पहाड़ों में ट्रैकिंग करते हुए दिखाई दे रहे हैं। हत्या के दिन, दंपती ने होम स्टे से चेक आउट किया और चेरापूंजी की यात्रा पर निकल पड़े थे। राजा के परिवार ने मुख्य आरोपी सोनम के माता-पिता पर नार्को-एनालिसिस टेस्ट की मांग की है और कहा है कि परिवार को हत्या में और लोगों के शामिल होने का संदेह है।

### चौथे दिन ईरान ने ...

अस्पताल में भर्ती कराया गया। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के खुफिया प्रमुख की भी इजराइली हमले में मौत हो चुकी है। ईरान में अब तक 224 लोगों की मौत हो चुकी है और 1,277 से अधिक घायल हुए हैं। हालांकि मानवाधिकार संगठनों का दावा है कि असली आंकड़े इससे कहीं ज्यादा हैं।

### ईरान ने मानी भारत ...

विदेश मंत्री ने भारत के राजनयिक मिशन को स्वीकृति प्रदान की है और चल रहे संघर्ष के बीच भारतीय राजनयिकों और नागरिकों दोनों की सुरक्षित निकासी को सुविधाजनक बनाने में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया है। बयान में कहा गया है कि मौजूदा स्थिति और देश के हवाई अड्डों के बंद होने के साथ-साथ कई राजनीतिक मिशनों द्वारा अपने राजनयिकों और नागरिकों को विदेश में स्थानांतरित करने के अनुरोध को देखते हुए, हम सूचित करते हैं कि सभी भूमि सीमाएं पार करने के लिए खुली हैं। भारत ने कहा कि ईरान में कुछ भारतीय छात्रों को देश के भीतर सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है, साथ ही इस बात पर जोर दिया कि अन्य संभव विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि तेहरान में भारतीय दूतावास लगातार सुरक्षा स्थिति की निगरानी कर रहा है और ईरान में भारतीय छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनसे संपर्क कर रहा है। कुछ मामलों में, छात्रों को दूतावास की सुविधा के साथ ईरान के भीतर सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया जा रहा है। अन्य संभव विकल्पों पर भी विचार किया जा रहा है। तेहरान में भारतीय दूतावास ने एक ताजा सार्वजनिक सलाह में सभी भारतीय नागरिकों और भारतीय मूल के लोगों से घर के अंदर रहने और आधिकारिक चैनलों की निगरानी करने को कहा। हम ईरान में सभी से अनुरोध करते हैं कि दूतावास से स्थिति पर अपडेट प्राप्त करने के लिए नीचे दिए गए टेलीग्राम लिंक से जुड़ें। कृपया ध्यान दें कि यह टेलीग्राम लिंक केवल उन भारतीय नागरिकों के लिए है जो वर्तमान में ईरान में हैं।

### ईरान-इजराइल संघर्ष पर...

है। यूरोपीय संघ के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि मध्य पूर्व की वर्तमान स्थिति अत्यंत गंभीर है। इसी को ध्यान में रखते हुए उच्च प्रतिनिधि काजा कैलास ने मंगलवार को यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों की वर्चुअल बैठक बुलाई है। प्रवक्ता के अनुसार, इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ईरान और इजराइल के बीच चल रहे संघर्ष पर चर्चा, तेहरान और तेल अवीव के साथ कूटनीतिक संपर्क के प्रयासों का समन्वय तथा संभावित अगले कदमों की रणनीति तय करना है। यूरोपीय संघ लंबे समय से ईरान परमाणु समझौते (जेसीपीओए) का समर्थक रहा है और वह इस बात को लेकर चिंतित है कि मौजूदा टकराव कहीं पूरे क्षेत्र को युद्ध की आग में न झोंक दे।

# नमाज-कलमा पढ़ने के अभिज्ञ गौरव कीर्तन घोषा भी पढ़ें : दिलीप सैकिया

## मैं गर्व के साथ कहता हूं कि मैं आरएसएस का स्वयंसेवक हूं

**गुवाहाटी ( हिंस )।** मैं गर्व के साथ कहता हूं कि मैं एक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का स्वयंसेवक हूं। मेरे पूरे शरीर में आरएसएस है। आरएसएस का मतलब सर्वजनहिताय-बहुजनहिताय है। यह टिप्पणी सोमवार को असम प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष एवं सांसद दिलीप सैकिया की है। असम प्रदेश भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान सैकिया ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई द्वारा आरएसएस को बदनाम करने की कोशिश पर कहा कि अगर उन्हें 36 बार रक्तदान करने के लिए सिखाया गया है, तो यह आरएसएस ने सिखाया है। राहुल गांधी के संसदीय क्षेत्र वायनाड में संकट आने पर विपदा में फंसे लोगों के लिए यदि कोई आगे बढ़कर मदद के लिए आया था, तो वह आरएसएस था। उन्होंने कहा कि हाल ही में अहमदाबाद में हुई दुर्धटना के समय भी प्रभावित लोगों की मदद के लिए स्वयंसेवक आगे बढ़े। देश में जब भी आपदा आती है, आपदा प्रभावितों के पास पहले पहुंचने वाले स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता ही होते हैं। यहां तक कि महात्मा गांधी ने 1934 में महाराष्ट्र के वार्धा में आरएसएस के शिविर का दौरा करते समय संघ के संदर्भ में की गई प्रशंसात्मक टिप्पणी भी गौरव गोगोई को अध्ययन करने की आश्यकता है। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी आरएसएस को राष्ट्रीय परेड में भाग लेने की अनुमति देने के इतिहास को भी गौरव गोगोई को अध्ययन करने की जरूरत है। दिलीप सैकिया ने कहा कि अपने जीवन का आधा समय एसी कमरे में व्यतीत करने वाले आरएसएस को कैसे समझेंगे? आरएसएस क्या काम करता है, यह कैसे जान पाएंगे? उन्होंने कहा कि आरएसएस सामान्य लोगों के बीच में है। सैकिया ने कहा कि वर्तमान समय में कुछ लोग बहुत उत्साहित हैं, जैसे कि अब इन लोगों के लिए केवल हस्ताक्षर करना बाकी है। इनकी शारीरिक भाषा से भी आसानी से समझा जा सकता है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि सोचने से कुछ नहीं होगा, उसके लिए सिद्धि करनी होगी। उन्होंने कहा कि गौरव गोगोई नमाज पढ़ते हैं। कलमा पढ़ते हैं। गौरव गोगोई के लिए कई लोग दुआ भी मांगते हैं। लेकिन अगर आपने कीर्तन घोषा को अच्छी तरह पढ़ा होता, तो लोग उन्हें अच्छा पाते। उन्होंने कहा कि आरएसएस को गाली देने वाले गौरव गोगोई पर खुद एक आईएसआई के एजेंट होने का आरोप लगा है। पत्नी भी आईएसआई के अधीन काम करती है। इसलिए उस व्यक्ति (गौरव गोगोई) से आरएसएस के बारे में अच्छी बातें सुनने की उम्मीद करना भी गलत है। गौरव गोगोई जितना भी आरएसएस को गाली देंगे, हमारी राष्ट्रवादी शक्तियां उतनी ही मजबूत होंगी। हाल ही में महाराष्ट्र और हरियाणा के चुनावी परिणामों ने यह साबित किया है और यह गौरव गोगोई ने महसूस करते हुए कि आरएसएस के खिलाफ ऐसा दुष्प्रचार करने का क्या नतीजा होता है। इससे पहले असम प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित जिला कार्यकारिणी सभा को संबोधित भी दिलीप सैकिया ने संबोधित किया। उनके साथ भाजपा के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता भी मौजूद थे।

# भाजपा गुवाहाटी जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

### पीएम मोदी की 11 साल की उपलब्धियों को प्रदर्शित करते हुए प्रदर्शनी द्वार का उद्घाटन



**गुवाहाटी ( हिंस )।** पूरे राज्य में चल रही असम प्रदेश भारतीय जनता पार्टी की कार्यकारिणी बैठकों के तहत सोमवार को गुवाहाटी जिला समिति की कार्यकारिणी बैठक प्रदेश भाजपा मुख्यालय में आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया समेत पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। बैठक के दौरान दिलीप सैकिया ने गुवाहाटी जिले में पार्टी की संगठनात्मक दिशा पर चर्चा की। उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से विभिन्न सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सक्रिय रूप से सहयोग करने का आग्रह किया। बैठक भाजपा गुवाहाटी जिला के अध्यक्ष तपन कुमार दास की अध्यक्षता में हुई। इसमें सांसद भुवनेश्वर कलिता और बिजुली कलिता मेधी, विधायक सिद्धार्थ भट्टाचार्य और अतुल बोरा, गुवाहाटी नगर निगम (जीएमसी) के मेयर मृगेन सरनिया और सभी नगर पार्षद शामिल हुए। बैठक के दौरान नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद और असम गण परिषद के वरिष्ठ नेता बीरेंद्र कुमार बैश्य को सम्मानित किया गया। जिला कार्यकारिणी बैठक से पहले वशिष्ठ स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय में एक प्रदर्शनी गेट का उद्घाटन किया गया, जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्षों के शासन की सफलताओं के बारे में जनता में जागरूकता फैलाना है।

# मंत्री रंजीत दास ने की अंबुबासी मेला के तैयारियों की समीक्षा



**गुवाहाटी ( हिंस )।** अंबुबासी मेला को पूरी तरह से आध्यात्मिक, सुव्यवस्थित और अनुशासित ढंग से संपन्न करने के उद्देश्य से सोमवारी को कामरूप (मेट्रो) जिला आयुक्त कार्यालय के सभागार में पर्यटन मंत्री रंजीत कुमार दास की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक की समीक्षा की गई। इस बैठक में कामाख्या मंदिर के 5 किलोमीटर क्षेत्र के भीतर कार्यरत विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में मंत्री दास ने उपस्थित सभी संगठनों से इस पवित्र महायोग को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए पूर्ण सहयोग देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इस आध्यात्मिक पर्व में स्वयंसेवकों को असमवासियों की ओर से दूर-दूर से आए भक्तों और पर्यटकों का गर्मजोशी से स्वागत करना चाहिए, ताकि वे यहां से अतिथि-सत्कार की विशेष भावना लेकर जाएं। मंत्री ने पांडु घाट, कामाख्या स्टेशन जैसे विभिन्न स्थानों पर नियुक्त स्वयंसेवकों से अनुरोध किया कि वे भक्तों की देखभाल करते हुए उन्हें स्वागत और सुविधा प्रदान करें। साथ ही, विभिन्न भंडार, पानी की आपूर्ति केंद्र आदि में नियुक्त स्वयंसेवकों से भी उन्होंने आग्रह किया कि वे अपनी-अपनी सुविधा के अनुसार क्षेत्र चिह्नित करके अपनी जिम्मेदारियां निभाएं और इस महायोग को सफल बनाएं। बैठक में असम पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष ऋतुपर्ण बरुवा, उपाध्यक्ष दिलीप दास, कामरूप (मेट्रो) जिले के आयुक्त सुमित सत्तावन, पर्यटन विभाग के निदेशक रनोज बरकटकी, जिला विकास आयुक्त पारिजात भुइयां, विभिन्न वार्ड कमिश्नर, विभागीय अधिकारी और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में मंत्री दास ने कामाख्या रेलवे स्टेशन के पास प्रस्तावित भक्त शिविर स्थल का दौरा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।

# बंगाईगांव प्रशासन ने मंदिर की भूमि से 27 परिवारों को किया बेदखल

**बंगाईगांव ( हिंस )।** बंगाईगांव जिला प्रशासन ने असम के श्रीजंगराम के भंडारा नंबर 6 में स्थित श्रीश्री रघुनाथ बिग्रह मंदिर सत्र के परिसर में 25 वर्षों से अधिक समय से कथित रूप से अतिक्रमित भूमि को पुनः प्राप्त करने के लिए सोमवार को बेदखली अभियान चलाया गया। मंदिर-सत्र अधिकारियों की लंबे समय से चली आ रही शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए, अधिकारियों ने विवादित स्थल से 27 परिवारों को बेदखल कर दिया और भूमि का नियंत्रण सत्र समिति को वापस कर दिया। मंदिर ट्रस्ट ने कई व्यक्तियों और परिवारों पर वर्षों से बार-बार नोटिस प्राप्त करने के बावजूद 349 बीघा भूमि के कुछ हिस्सों पर कब्जा करने का आरोप लगाया था। वरिष्ठ जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने अभियान की निगरानी की। अधिकारियों ने पुष्टि की कि उन्होंने पहले भी कई निर्देश और सार्वजनिक नोटिस जारी किए थे।

# आईसीसी महिला विश्व कप 2025 में चार मैचों की मेजबानी करेगा गुवाहाटी



**गुवाहाटी ( हिंस )।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने सोमवार को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप-2025 के लिए ड्राफ्ट शेड्यूल का अनावरण किया, जिसमें गुवाहाटी की एक प्रमुख मेजबान शहर के रूप में भूमिका की पुष्टि की गई। गुवाहाटी के बरसापारा के असम क्रिकेट एसोसिशन (एसीए) स्टेडियम में चार लीग मैच आयोजित किए जाएंगे, जिसकी शुरुआत 7 अक्तूबर (दोपहर 3 बजे से) को इंग्लैंड बनाम बांग्लादेश के मैच से होगी। इंग्लैंड 11 अक्तूबर को श्रीलंका का सामना करने के लिए वापस आएगा, जबकि स्थानीय प्रशंसकों के लिए मुख्य आकर्षण 23 अक्तूबर को न्यूजीलैंड के साथ भारत का आमना-सामना होगा। गुवाहाटी का अंतिम लीग मैच 26 अक्तूबर (सुबह 11 बजे से) को इंग्लैंड बनाम न्यूजीलैंड होगा। गौरतलब है कि गुवाहाटी 29 अक्तूबर को पहले सेमीफाइनल की मेजबानी भी कर सकता है, लेकिन केवल तभी जब पाकिस्तान क्वालीफाई करने में विफल हो। इससे भारतीय प्रशंसकों को अपनी टीम को फिर से देखने का मौका मिल सकता है, अगर भारत ग्रुप चरण में शीर्ष या चौथे स्थान पर रहता है।

# भ्रष्टाचार के विरूद्ध उठने वाली आवाज को दबाना चाहती है असम सरकार : गौरव गोगोई

**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम कांग्रेस के अध्यक्ष और सांसद गौरव गोगोई ने सोमवार को कहा कि राज्यसभा के सांसद और राज्य के एक प्रमुख वरिष्ठ पत्रकार अजीत कुमार भुइयां को मुख्यमंत्री की निगरानी इकाई (सीएम विजिलेंस) द्वारा जांच के लिए बुलाना पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित है। गौरव गोगोई ने एक बयान में कहा कि असम के जिन जागरूक लोगों ने राज्य की भाजपा सरकार के गैर-लोकतांत्रिक कार्यों के खिलाफ आम जन की भलाई और संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए आवाज उठाई है, उनकी आवाज को दबाने के लिए सरकार ने ऐसा प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि भ्रष्यचार के विरूद्ध उठने वाली हर आवाज को असम सरकार दबाना चाहती है। उन्होंने कहा है कि यदि सरकार वास्तव में भ्रष्यचार के खिलाफ निष्पक्ष जांच करने की इच्छा रखती है, तो गुवाहाटी विकास विभाग, लोकनिर्माण विभाग और जनजीवन मिशन के तहत बड़े पैमाने पर लगे भ्रष्यचार के आरोपों के खिलाफ निष्पक्ष जांच क्यों प्रारंभ नहीं करती?

# प्रमोद कोठारी एवं टीम ने सम्मेलन नगांव शाखा का कार्यभार संभाला




**नगांव ( निसं )।** श्री हनुमान जन्मोत्सव समिति भवन में आयोजित मारवाड़ी सम्मेलन नगांव शाखा के नवीन सत्र 2025-27 के शपथग्रहण समारोह में प्रमोद कोठारी एवं उनकी टीम को सर्व समाज की साक्षी में कार्यभार हस्तांतरित किया प्रदीप शोभासरिया ने। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संयुक्त सचिव अरूण नागरका ने समारोह का सभापतित्व करने हेतु शाखा अध्यक्ष प्रदीप शोभासरिया मुख्य अतिथि प्रांतीय उपाध्यक्ष (मुख्यालय) विनोद कुमार लोहिया, मुख्य वक्ता प्रांतीय महामंत्री रमेश कुमार चांडक, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार मंगलुनिया, मंडल उपाध्यक्ष संजय गाड़ोदिया, मंडल सहायक मंत्री एवं शाखा सचिव अजय मित्तल, कोषाध्यक्ष मालचंद अग्रवाल को ससम्मान मंचासिन करवाया। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ हुआ। अध्यक्ष द्वारा स्वागत संबोधन में सभी का स्वागत करते हुए समाज के कार्य में शानदार उपस्थिति को प्रचुर आशीर्वाद के रूप में ग्रहण करते हुए सभी का भाव भरे मन से स्वागत किया। तेरापंथ महिला मंडल की सदस्याओ ने स्वागत गीत की सुदर प्रस्तुती के पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन किया गया। सम्मेलन द्वारा प्रति वर्ष बिहु पर समाज गौरव के रूप में सम्मान कार्यक्रम का इस वर्ष सम्पादित नहीं होने पर इस समारोह में प्राथमिकता देते हुए सर्वप्रथम समाज के वरिष्ठ नागरिक तथा समाज सेवी नेमीचन्द् डाबड़ीवाल को सपत्नीक सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर सभागार में उपस्थित सबसे वरिष्ठ लोकराम डाबड़ीवाल (93) का भी अभिनंदन किया गया। नेमीचंद डाबड़ीवाल तथा लोकराम डाबड़ीवाल ने अपने सम्बोधनों में समाजके प्रति आंतरिक भाव प्रकट करते हुए सभी के मंगल की कामना की। सम्मेलन द्वारा अपने पूर्व अध्यक्ष एवं सचिव का अभिनंदन करते हुए सभागार में विराजित विशिष्ठ जनों का अभिनंदन किया। शाखा सचिव अजय मित्तल द्वारा अपनी सर गर्भित रिपोर्ट में इस सत्र के दौरान हुए कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया। वहीं अध्यक्ष ने अपने सत्र में हुये रचनात्मक कार्य तथा उनके संयोजनकर्ता तथा सहयोगीयों का प्रशस्ति पत्र तथा फुलाम गोमछा प्रदान कर सम्मानित किया। जिनमें जुगल किशोर जाजोदिया, रतन जाजोदिया, अजित माहेश्वरी, संजय मित्तल, कोषाध्यक्ष मालचंद अग्रवाल, सचिव अजय मित्तल, विक्रम करवा, आकाश सोभासरिया, संजय गाड़ोदिया, रतन बगड़िया, महेश भजनका, निर्मला आलमपुरिया, सुरेंद्र बंका व अरुण नागरका को प्रदान किया गया। नंगाव शाखा का समन्वय बिहु कार्यक्रम के उत्कृष्ट आयोजन हेतु पूर्वोत्तर द्वारा सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र शाखा अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को भेंट किया। इस कार्यक्रम में पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता रमेश कुमार चांडक ने अपने संबोधन में सभी को सम्बोधित करते हुए समाजिक सरोकार, संस्कार एवं समरसता पर अपने विचार साझा किए। प्रांतीय उपाध्यक्ष विनोद कुमार लोहिया ने नव निर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद कोठारी को अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण करवाकर मंचासिन करवाया। वहीं अन्य पदाधिकारीयों जिनमें पवन किल्ला सचिव, बालकिशन दादलिका कोषाध्यक्ष, गोपाल पोद्दार, प्रेम नाहटा, हुलास मल बोथरा, जगदीश धूत को उपाध्यक्ष, अरुण नागरका, सारंग खाटूवाला को संयुक्त मंत्री व दिलीप अग्रवाल को संगठन मंत्री के रूप में प्रांतीय महामंत्री रमेश कुमार चांडक द्वारा तथा कार्यकारिणी सदस्य को पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष विजय कुमार मंगलुनिया द्वारा तथा 13 नवीन आजीवन सदस्यों को मंडलीय उपाध्यक्ष संजय गाड़ोदिया ने शपथ ग्रहण करवाई।

# गड़चुक थाना के एसआई रिंकू बोरा पर हमला, एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** गुवाहाटी महानगर के गड़चुक इलाके में रात के समय सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि कृति राज देउरी नामक युवक ने स्थानीय चाय दुकानों और होटलों में गुंडा कर वसूली के इरादे से घूमते हुए दुकानदारों को धमकाया। कृति राज ने कथित तौर पर एक दुकानदार को धमकी दी कि अगर पैसे नहीं दिए तो गोली मार देगा। घबराए दुकानदारों ने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर भी कृति राज ने हमला कर दिया। हमले में एसआई रिंकू बोरा घायल हो गए। आरोप है कि उन्हें लाठी से पीटा गया और यहां तक कि आरोपी ने उन्हें दांत भी काट लिया। हमलावर की पहचान कृति राज देउरी के रूप में हुई है, जो खुद को भाजपा नेता का बेटा बताता है। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए कृति राज देउरी को गिरफ्तार कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

# जिला परिषद कार्यालय की कर्मचारी निजरा कालिता गिरफ्तार

**रंगिया ( निसं )।** आखिरकार कामरूप जिला परिषद कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी निजरा कालिता को चांग्सारी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मालूम हो कि निजरा कालिता ने एक पेंशनधारी का काम करने के बदले 70, 000 रुपए बतौर घुस के लिए थे। घूस के पैसे लेते समय का वीडियो रिकॉर्डिंग पेंशनधारी के रिश्तेदार ने किया था। जिसे सोशल मीडिया पटल पर वायरल किया गया था। साथ ही इस घटना के संदर्भ में रिश्तेदार ने कामरूप जिला परिषद के कार्यालय में शिकायत भी दर्ज करवाई थी। उसके बाद कामरूप जिला परिषद के अधिकारी सिद्धार्थ गोस्वामी ने चांग्सारी पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जिस पर कार्यवाही करते हुए चांगसारी पुलिस ने प्राथमिकी के आधार पर निजरा कालिता को उसके निवास वशिष्ठ लताकता से गिरफ्तार कर थाने ले आयी। वर्तमान में चांग्सारी पुलिस मामला संख्या 129/25 बी/एस 308(2) बीएनएस, आर/डब्ल्यू धारा ए, भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम 1988 के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि पदूमकुंवरी गांव पंचायत में की गई नौकरी से नौ साल पहले राजेन कलिता ने सेवानिवृत्त लिया था। जिन्हें पेंशन नहीं मिलने के शोक मे उनकी पत्नी की मृत्यु भी हो गई थी। इसके बाद भी उन्हें पेंशन के लिए बार-बार घुमाया जा रहा था।

# मंत्री उरखाओ गौरा ब्रह्म ने राज्यस्तरीय योग दिवस की तैयारियों का लिया जायजा

**बाक्सा ( हिंस )।** बाक्सा जिलांतर्गत शालबाड़ी में आगामी 21 जून को राज्य सरकार द्वारा राज्य स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। योग दिवस पर राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा यहां योग करेंगे। उनकी उपस्थिति में आयोजित होने वाले योग दिवस की तैयारी का सोमवार को असम सरकार के कैबिनेट मंत्री उरखाओ गौरा ब्रह्म ने निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों में जुटे अधिकारियों को कई अहम निर्देश भी दिए। यह बाक्सा के निवासियों के लिए यह अच्छी खबर है कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति में शालबाड़ी में इस बार जिला को राज्यस्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की जिम्मेदारी मिली है। इस मौके पर मंत्री उर्खाओ गोरा ब्रह्म के साथ बीटीआर परिषद के अध्यक्ष कातिराम बोड़ो और कुछ पार्टी नेता भी मौजूद थे।

# कोच राजवंशी सचेत समाज की पहल जागरूकता सभा आयोजित



**कोकराझाड़ ( विभास )।** जिले के चिथिला में कोच राजवंशी सचेत समाज की पहल पर अंचलिक आक्रासू के सहयोग से जागरूकता सभा का आयोजन किया गया। चिथिला सामूहिक भवन में आयोजित इस सभा में कोच राजवंशी चिथिला अंचलिक आक्रासू के सहयोग से जनगणना और कोच राजवंशी समुदाय के समग्र विकास की दिशा में राजवंशी समाज की शैक्षिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इस सभा में केएसी के अध्यक्ष हितेश्वर बर्मन, कार्यकारी सदस्य कामेश्वर राय, प्रदीप राय, आक्रासू के केंद्रीय अध्यक्ष बलराम बर्मन, चिलाराय सेना के सेनाध्यक्ष राजू कुमार बर्मन, पश्चिम कोकराझाड़ जिला आक्रासू के सचिव हिरकज्योति राय उपस्थित थे। इस सभा में आगामी बीटीसी चुनाव में कोच राजवंशी बहुल पांच बीटीसी परिषद क्षेत्र फकीराग्राम, गुमा, थुरीबाड़ी, मथनगुड़ी और मुडेबाड़ी में कोच राजवंशी समुदाय के उम्मीदवारों खड़ा करने पर विस्तार से चर्चा हुई।


No.GDB/6th-FC/206/2022-23/145 Dated:-01/06/2025

**TENDER NO.21OF 2024-25**
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

Selected tenders affixing Non-refundable court fee stamp of RS.8.25 (Rupees Eight & Twenty Five Paisa) only with at validity period of 180 (One Hundred Eighty ) days which will subsequently to be covered and drawn up in the printed F-2 form are invited from the intending Registered Contractors of all categories of the Assam PWD (Bldg. & Roads) for submitting tender for the work below. The tenders will be received by the undersigned up to 2;30 PM 01-06-2025 to 21-06-2025 and will be opened on the date 21-06-2025 at 2:30 PM.

| Sl. No. | Name of Work | Apporx Estimated value of work | Earnest money 1% for ST/SC/OBC/MOBC & 2% for GNL | Cost of tender document | Time of completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Const. of slab culvert at Dighalipara kalbari road near Dandi chowk, under 6th-FC fund for the year 2023-24 durung 2025-26 (2nd-Inst) | 5,00,000.00 | Rs 5,000/- & Rs. 10,000'/- | Rs 200/- | 3( Three month) |
| 2 | Const. of slab culvert at Galkata chowk to Shani Mandir near kaali mandir, under 6th-FC fund for the year 2023-24 durung 2025-26 (2nd-Inst) | 5,00,000.00 | Rs 5,000/- & Rs. 10,000'/- | Rs 200/- | 3( Three month) |
| 3 | Const. of RCC slab culvert (2 Nos) connecting Suagpur Market to Barnadipar Boro Chupa, under TA fund for the year 2025-26 | 16,48,000.00 | Rs 16,500/- & Rs. 33,000'/- | Rs 200/- | 3( Three month) |

Detailed NIT may be seen in all working days in the Office of the undersigned. Tender 4paper will be issued to the contractor or their authorized agent up to 11;30 AM in all working days from 01-06-2025 to 21-06-2025 in the office of the undersigned on payment in the form of Banker Cheque/Bank Draft/ Demand draft duly pledged in favour of the BDO, Goreswar Development Block.

IPR(BTC)/C/2025-26/882

Sd/-Block Development Officer
Goreswar Development Block

संपादकीय

# हमले से पस्त ईरान

**सुनियोजित** व ठोस खुफिया जानकारियों के साथ इस्राइल ने ईरान के परमाणु ठिकानों व शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर बड़े सधे हमले किए हैं। ईरान के नतान्ज स्थित मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशान बनाया गया। शुक्रवार की सुबह इस्राइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के जरिये वायु रक्षा प्रणाली व मिसाइलों को ध्वस्त करते हुए ईरान के हवाई क्षेत्र में सैकड़ों लड़ाकू जहाजों के जरिये भारी तबाही मचायी। इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद की बड़ी भूमिका वाले इस ऑपरेशन के जरिये न केवल ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर किया बल्कि हवाई रक्षा प्रणाली को भी बेअसर किया। जिसके बाद इस्राइली एयरफोर्स ने ताबड़तोड़ हमलों से ईरानी वायुक्षमता को बेदम कर दिया। लंबी खुफिया तैयारी के साथ इस्राइल ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए और शुक्रवार तड़के इन ड्रोन ने ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी। जिससे ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस्राइल ने ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों, सैन्य अधिकारियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों व प्रमुख लोगों पर लंबी तैयारी के बाद सटीक हमले किए। कई बड़े अधिकारियों को उनके घरों में ही मार दिया गया। दरअसल, इस्राइल का मानना था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब है। यहां तक कि परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करने वाली संस्था आईएईए ने स्पष्ट शब्दों में ईरान पर परमाणु अप्रसार समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था। हमले में सेना प्रमुख के अलावा ईरानी सेना की सबसे ताकतवर शाखा रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर हौसेन सलामी को भी मार डाला गया। हमले में न केवल यूरेनियम संवर्धन प्रतिष्ठान पर हमला किया गया, बल्कि कई परमाणु वैज्ञानिकों को भी मार दिया गया। ईरान ने इस्राइल पर नागरिक ठिकानों पर हमला करने के आरोप लगाए। उत्तर पूर्वी ईरान के अलावा नतांज परमाणु केंद्र पर भी धमाके सुने गए। जहां इस्राइल इन हमलों को अपने अस्तित्व को बचाने की कार्रवाई बता रहा है, वहीं ईरान जवाबी कार्रवाई कर शीघ्र बदला लेने की बात कर रहा है। वहीं दूसरी ओर इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान को चेताया है कि जब तक ईरान की ओर से खतरे की आशंका खत्म नहीं हो जाती, ये हमले आगे भी जारी रहेंगे। दरअसल, इस्राइल का मानना रहा है कि ईरान संवर्धित यूरेनियम से परमाणु हथियार बनाने के करीब है, जो उसके अस्तित्व के लिये चुनौती है। इस्राइल ने ईरान पर उसके क्षेत्र में सैकड़ों ड्रोन दागने के भी आरोप लगाये हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने अमेरिका व इस्राइल को गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। दूसरी ओर ईरान के सरकारी मीडिया ने इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स कोर के कमांडर इन चीफ हौसैन सलामी सहित पांच शीर्ष सैन्य अधिकारियों की मौत की बात स्वीकारी है। साथ ही दो महत्वपूर्ण परमाणु वैज्ञानिकों के मारे जाने की पुष्टि की गई है। दरअसल, ईरान अमेरिका व इस्राइल के दावों को खारिज करते हुए कहता रहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये है। जबकि अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की दलील है कि ईरान की बातों पर विश्वास नहीं किया जा सकता। वह संवर्धित यूरेनियम से जुड़े प्रश्नों के तार्किक जवाब नहीं दे पाया है। कहा जा रहा है कि ईरान के गुप्त परमाणु ठिकानों का पता चलने के बाद उसके परमाणु कार्यक्रम की मंशा संदिग्ध बन गई है। उसने संवर्धित यूरेनियम भंडार के बारे में सटीक जानकारी भी नहीं दी। आईएईए की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि ईरान इतना यूरेनियम संवर्धित कर चुका है कि वह नौ परमाणु बना सकता है। हालांकि, अमेरिकी विदेश मंत्री इस हमले में अमेरिका की सीधी भूमिका होने से इनकार कर रहे हैं। लेकिन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिये कहा है कि ईरान ने परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिये अंतर्राष्ट्रीय प्रस्ताव को बार-बार खारिज किया है। बहरहाल, इस घटनाक्रम से मध्यपूर्व में इस्राइल-ईरान के बीच सीधे युद्ध की आशंका बढ़ गई है। कहा जा रहा है कि इस्राइल और हमास, हिजबुल्ला व हूती विद्रोहियों के बीच पहले से जारी संघर्ष से संवेदनशील बने इलाके में पूर्ण युद्ध की आशंका बढ़ गई है।

ईरान के नतान्ज स्थित मुख्य परमाणु संवर्धन केंद्र को भी निशान बनाया गया। शुक्रवार की सुबह इस्राइल ने 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' के जरिये वायु रक्षा प्रणाली व मिसाइलों को ध्वस्त करते हुए ईरान के हवाई क्षेत्र में सैकड़ों लड़ाकू जहाजों के जरिये भारी तबाही मचायी। इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद की बड़ी भूमिका वाले इस ऑपरेशन के जरिये न केवल ईरान की मिसाइल क्षमता को कमजोर किया बल्कि हवाई रक्षा प्रणाली को भी बेअसर किया। जिसके बाद इस्राइली एयरफोर्स ने ताबड़तोड़ हमलों से ईरानी वायुक्षमता को बेदम कर दिया। लंबी खुफिया तैयारी के साथ इस्राइल ने ईरान के भीतर विस्फोटक ड्रोन बेस स्थापित किए और शुक्रवार तड़के इन ड्रोन ने ईरान के सैन्य ठिकानों में तबाही मचा दी। जिससे ईरान को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस्राइल ने ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठानों, सैन्य अधिकारियों और परमाणु कार्यक्रम से जुड़े वैज्ञानिकों व प्रमुख लोगों पर लंबी तैयारी के बाद सटीक हमले किए। कई बड़े अधिकारियों को उनके घरों में ही मार दिया गया। दरअसल, इस्राइल का मानना था कि ईरान परमाणु हथियार बनाने के करीब है। यहां तक कि परमाणु कार्यक्रम की निगरानी करने वाली संस्था आईएईए ने स्पष्ट शब्दों में ईरान पर परमाणु अप्रसार समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया था।

आप का नजरीया

## बेवफाई के सनम

**पिछले** एक पखवाड़े में इंदौर से विवाह के तुरंत बाद मेघालय हनीमून पर गए राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम के अचानक लापता होने की गुत्थी ने पूरे देश का ध्यान खींचा। हालांकि, 23 मई को लापता होने के बाद राजा का शव दो जून को बरामद हो गया था, लेकिन सोनम के लापता होने की घटना निरंतर देशवासियों को परेशान करती रही। यहां तक कि मेघालय के लोगों के शेष भारत के लोगों के साथ कथित आक्रामक व्यवहार के नाम पर मेघालय के खिलाफ सोशल मीडिया पर अतिरंजित टिप्पणियां तक की जाती रहीं। लेकिन मेघालय पुलिस की गहन छानबीन के बाद इंदौर के तीन लोगों की गिरफ्तारी के बाद सोनम का उत्तर प्रदेश के गाजीपुर पुलिस के समक्ष समर्पण करना, इस पूरे कांड की कहानी ही बदल देता है। सवाल उठे कि मेघालय के जिस ईस्ट खासी हिल्स जिले में राजा का शव मिला वहां से एक हजार किलोमीटर से अधिक दूरी पर उ.प्र. के गाजीपुर सोनम कैसे पहुंची। अब इस रहस्यमय मामले पर से मेघालय, उत्तर प्रदेश व मध्यप्रदेश की पुलिस पर्दा उठाने की कोशिश में है। इंदौर के राजा दंपति का हनीमून मनाने मेघालय जाना, फिर दोनों का गायब होना, राजा का शव बरामद होना तथा सोनम के लापता होने का घटनाक्रम किसी फिल्मी कहानी की तरह आगे बढ़ता रहा। अब सोनम के परिजन उसे बेगुनाह बताने की कोशिश में हैं तो राजा का परिवार दोषियों को सजा देने की मांग कर रहा है। लेकिन सारे मामले में सोनम की भूमिका, उसके पिता की फर्म के कर्मचारी की गिरफ्तारी तथा सोनम की रहस्यपूर्ण ढंग से गाजीपुर पहुंचने की कहानी कई संदिग्ध सवालों को जन्म दे रही है। लोगों के दिमाग में सवाल हैं कि दोनों परिवारों की सहमति से 11 मई को हुई शादी का यह दुखांत क्यों? हालांकि, राजा की हत्या बहुत ही सुनियोजित तरीके से की गई, लेकिन गाइड द्वारा राजा-सोनम के साथ तीन अन्य लोगों की उपस्थिति की बात ने मेघालय पुलिस को हत्या के तार जोड़ने में मदद की। दरअसल, शिलांग पुलिस ने बताया था कि इंदौर के एक व्यक्ति की हत्या में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें हनीमून के दौरान हत्या की साजिश रचने वाली उसकी पत्नी भी शामिल है। अब तक रहस्यमय तरीके से लापता बहू के मिलने की प्रतीक्षा कर रहे राजा के परिवार को हकीकत जानकर सदमा लगा है। मेघालय पुलिस के दावे के बाद उन्होंने सोनम की तसवीरें जलाकर गुस्सा जाहिर किया है। सार्वजनिक विमर्श में ये सवाल उठाये जा रहे हैं कि जब दोनों परिवारों की सहमति से विवाह हुआ तो यह दुखांत क्यों? हाल के दिनों में मेरठ व देश के अन्य भागों में प्रेमी से मिलकर पति की हत्या करने के कई मामलों ने विवाह संस्था पर मंडराते संकट पर चिंता बढ़ाई है। सवाल उठा है कि परिवार की सहमति से धूमधाम से विवाह रचाने वाली सोनम ने आखिर ऐसा घातक कदम क्यों उठाया? जैसा कि बताया जा रहा है कि उसने अपने पुराने प्रेम संबंधों के लिये राजा को अपनी राह से हटाया।

केंद्रीय बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान करना पड़ता था तथा इन उपक्रमों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी

# केंद्र सरकार के उपक्रम बन रहे कमाऊ पूत

प्रह्लाद सबनानी

**आज** से एक दशक से अधिक समय पूर्व तक केंद्र सरकार के उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए केंद्रीय बजट में भारी भरकम राशि का प्रावधान करना पड़ता था तथा इन उपक्रमों को केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की जाती थी। परंतु, आज स्थिति एकदम बदल गई है एवं अब केंद्र सरकार के उपक्रम केंद्र सरकार को लाभांश के रूप में भारी भरकम राशि प्रदान कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। केंद्र सरकार के उपक्रमों में यह आमूलचूल परिवर्तन केंद्र में ईमानदार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निगमित अभिशासन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के चलते ही सम्भव हो सका है। पूर्व में इन उपक्रमों में पनप रहे भ्रष्टाचार के चलते इन उपक्रमों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता था परंतु अब उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगभग पूर्णतः अंकुश लगाया जा चुका है। साथ ही, केंद्र सरकार के इन उपक्रमों को नेतृत्व प्रदान कर रहे अधिकारियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों में आज का नेतृत्व कुशल, ईमानदार एवं देश प्रथम की नीति पर चलने के साथ ही देश के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला है। वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। प्रथम स्थान पर भारतीय स्टेट बैंक है, जिसने 67,085 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसके बाद ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, आईओसी ने 41,730 करोड़ रुपए, भारतीय जीवन बीमा निगम ने 40,916 करोड़ रुपए, भारतीय कोयला निगम ने 37,402 करोड़ रुपए, बीपीसीएल ने 26,859 करोड़ रुपए, एनटीपीसी ने 20,812 करोड़ रुपए, बैंक आफ बड़ोदा ने 18,767 करोड़ रुपए, हिन्दुस्तान पेट्रोलीयम ने 16,015 करोड़ रुपए एवं पावर फाइनैन्स करपोरेशन ने 15,889 करोड़ रुपए की राशि का लाभ अर्जित किया है। इसके अतिरिक्त, पावर ग्रिड, कनारा बैंक, आरईसी लिमिटेड एवं यूनियन बैंक, ने 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। साथ ही, गैस अथॉरिटी इंडिया लिमिटेड, पंजाब नेशनल बैंक, इंडीयन बैंक, जैसे केंद्र सरकार के 42 अन्य उपक्रमों ने भी भारी भरकम राशि का लाभ अर्जित किया है। केंद्र सरकार के उपक्रमों के साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक, जो भारत में एक स्वायत्त संस्था के रूप में

वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है। केंद्र सरकार के उपक्रमों में यह आमूलचूल परिवर्तन केंद्र में ईमानदार सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा निगमित अभिशासन से सम्बंधित नियमों का कड़ाई से अनुपालन कराए जाने के चलते ही सम्भव हो सका है। पूर्व में इन उपक्रमों में पनप रहे भ्रष्टाचार के चलते इन उपक्रमों की लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ता था परंतु अब उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार पर लगभग पूर्णत: अंकुश लगाया जा चुका है। साथ ही, केंद्र सरकार के इन उपक्रमों को नेतृत्व प्रदान कर रहे अधिकारियों पर भी बहुत कुछ निर्भर करता रहा है। केंद्र सरकार के इन उपक्रमों में आज का नेतृत्व कुशल, ईमानदार एवं देश प्रथम की नीति पर चलने के साथ ही देश के प्रति सम्मान का भाव रखने वाला है। वित्तीय वर्ष 2024 में केंद्र सरकार के विभिन्न उपक्रमों ने 5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का लाभ अर्जित किया है।




कार्य करता है एवं इस पर केंद्र सरकार का नियंत्रण लगभग नहीं के बराबर रहता है, ने भी पूरे विश्व के कई बड़े केंद्रीय बैंकों के बीच सबसे अधिक राशि का लाभ अर्जित किया है। अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व को वर्ष 2024 में 7,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुकसान उठाना पड़ा है, इसी प्रकार ब्रिटेन के केंद्रीय बैंक, बैंक आफ इंग्लैंड को 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है तथा यूरोपीयन यूनियन के केंद्रीय बैंक, ईसीबी को 900 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। वहीं, इन केंद्रीय बैंकों की तुलना में भारतीय रिजर्व बैंक को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 3,100 करोड़ अमेरिकी डॉलर का लाभ हुआ है। जिसके चलते भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को इस वर्ष 2.70 लाख करोड़ रुपए की राशि का लाभांश अदा करने की घोषणा की है। विभिन्न केंद्र सरकार के उपक्रमों ने भी इस वर्ष केंद्र सरकार को भारी भरकम राशि का लाभांश अदा किया है। भारतीय रिजर्व बैंक एवं केंद्र सरकार के उपक्रमों से प्राप्त होने वाली कुल लाभांश की राशि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट में किए गए प्रावधान की राशि से कहीं अधिक है। इसी प्रकार, केंद्र सरकार को प्रत्येक माह प्राप्त होने वाली वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की राशि भी अब मासिक औसत के रूप से 2 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई है। अप्रेल 2025 माह में तो केंद्र सरकार को रिकार्ड 2.36 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व वस्तु एवं सेवा कर की मद से प्राप्त हुआ था। इसी प्रकार, मई 2025 में 2.01 लाख करोड़ रुपए की राशि का राजस्व जीएसटी मद से प्राप्त हुआ है। देश में प्रत्यक्ष कर (आय कर एवं कारपोरेट कर सहित) के रूप में प्राप्त राशि अप्रत्यक्ष कर के रूप में प्राप्त राशि से कहीं अधिक रही है। देश के आम नागरिकों के हित में यह बहुत अच्छा कार्य हुआ है क्योंकि प्रत्यक्ष कर उन नागरिकों से प्राप्त किया जाता है जो इस कर को अदा कर सकने की क्षमता एवं योग्यता रखते हैं अर्थात उनकी आय कर देने योग्य आय के स्तर से ऊपर रहती है जबकि अप्रत्यक्ष कर समाज के प्रत्येक वर्ग पर सामान्य रूप से एक जैसा लगाया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 22.26 लाख करोड़ रुपए की राशि प्रत्यक्ष कर के रूप में केंद्र सरकार को प्राप्त हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त 19.60 लाख करोड़ रुपए की राशि से 13.57 प्रतिशत अधिक है। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अप्रत्यक्ष कर (जिसमें वस्तु एवं सेवा कर, केंद्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क शामिल हैं) के रूप में प्राप्त राशि का लक्ष्य 16.33 लाख करोड़ रुपए का निर्धारित किया गया था। अप्रत्यक्ष कर की मद की तुलना में प्रत्यक्ष कर की मद से अधिक कर राशि का संग्रहण होना यह भी दर्शाता है कि भारत में नागरिकों की कर देने योग्य आय में वृद्धि दर अधिक है एवं आय कर अदा करने वाले नागरिकों की संख्या में भी अतुलनीय सुधार हो रहा है। अर्थात, देश में उच्च आय अर्जित करने वाले नागरिकों एवं मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ रही है तथा गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले नागरिक अब तेज गति से मध्यमवर्गीय नागरिकों की श्रेणी में परिवर्तित हो रहे हैं। यदि भारत के नागरिक लगातार इसी प्रकार की आर्थिक तरक्की करते रहे तो केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के लिए देश में पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने एवं समाज के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाये रखने में किसी भी प्रकार की समस्या खड़ी नहीं होगी। किसी भी देश के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलायमान बनाए रखने के लिए वित्त की अनुपलब्धता ही मुख्य समस्या के रूप में सामने आती है। परंतु, देश के नागरिक जो गरीबी रेखा से ऊपर उठकर मध्यमवर्गीय अथवा उच्चवर्गीय परिवारों की श्रेणी में शामिल हो रहे हैं, वे यदि केंद्र एवं राज्य सरकारों की वित्त व्यवस्था को सुदृद्ध बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तो भारत के लिए आर्थिक विकास की दर को दहाई के आंकड़े तक ले जाने में कोई बहुत अधिक समय नहीं लगने वाला है। केंद्र सरकार, विभिन्न राज्य सरकारों एवं निजी क्षेत्र द्वारा देश में गरीब वर्ग के लिए कल्याणकारी योजनाओं को चलाने के साथ ही यदि पूंजीगत खर्चों में भी वृद्धि की जाती है तो देश के नागरिकों के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर निर्मित होते हैं एवं इससे देश के नागरिक देश की आर्थिक तरक्की में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर पाते हैं। भारत में भी इसी प्रकार की व्यवस्था खड़ी होती हुई दिखाई दे रही है, जिसका डंका पूरे विश्व में बज रहा है।

देश दुनीया से

# रक्तदान को जन आंदोलन बनाने की जरूरत

**यह** विडंबना ही है कि आज दुनियाभर के निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, रक्त की उपलब्धता में एक गंभीर और चिंताजनक असमानता बनी हुई है। गौरतलब है कि रक्त किसी कारखाने में नहीं बनता, बल्कि यह केवल एक स्वस्थ मानव शरीर में ही पैदा होता है। ऐसे में, केवल स्वस्थ व्यक्तियों द्वारा किए जाने वाले रक्तदान से ही रक्त की कमी को पूरा किया जा सकता है। बता दें कि यदि रक्त की कमी को दूर कर लिया जाए तो प्रत्येक वर्ष जो 12000 भारतीय समय पर रक्त नहीं मिलने के कारण मर जाते हैं, उनकी जान बचाई जा सकती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने महान वैज्ञानिक और चिकित्सक कार्ल लैंडस्टाईन के जन्मदिन 14 जून को 'विश्व रक्तदाता दिवस' के रूप में मनाए जाने की शुरुआत 1997 में की थी। कार्ल लैंडस्टाइन ने मानव रक्त में उपस्थित एग्ल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्तकणों का 'ए', 'बी' और 'ओ' समूहों में वर्गीकरण कर चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस महत्वपूर्ण खोज के लिए उनको सन् 1930 में शरीर विज्ञान में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। विश्व रक्तदाता दिवस को लेकर डब्ल्यूएचओ का लक्ष्य दुनियाभर में सौ प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम को सफल बनाना था। इसीलिए उसने इस कार्यक्रम में दुनिया के 124 प्रमुख देशों को शामिल कर उनसे स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देने की अपील की थी। तब इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य लोगों को रक्तदान करने के लिए प्रोत्साहित करना तथा रक्तदान से जुड़ी दुनियाभर में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना था। विश्व रक्तदाता दिवस का वास्तविक उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक रक्त उपलब्ध कराना ही रहा है, ताकि रक्त के अभाव में किसी व्यक्ति की जान न जाए। साथ ही रक्त की आवश्यकता पड़ने पर किसी को रक्त खरीदने की नौबत न आए। विडंबना है कि कई देशों में आज भी रक्त की खरीद-बिक्री का बाजार गर्म पाया जाता है। दुर्भाग्य से, इस सूची में भारत का नाम भी शामिल है,



जबकि ब्राजील, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों में लोग बिना पैसे लिए स्वैच्छिक रक्तदान करते हैं। हालांकि, तमाम विसंगतियों के बावजूद, रक्तदान को लेकर विभिन्न संस्थाओं एवं व्यक्तियों द्वारा विभिन्न स्तरों पर उठाए गए कदमों के कारण भारत में स्वैच्छिक रक्तदान को काफी बढ़ावा मिला है। चिकित्सकों का स्पष्ट मत है कि 18 वर्ष से अधिक एवं 65 वर्ष से कम उम्र का कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करने वाले व्यक्ति का वजन 45 किलोग्राम से अधिक होना चाहिए। एचआईवी से संक्रमित व्यक्ति को भूल से भी रक्तदान नहीं करना चाहिए। इसके अलावा, यदि किसी व्यक्ति को पूर्व में हेपेटाइटिस-बी या हेपेटाइटिस-सी जैसे रोग हुए हों, तो उसे भी रक्तदान नहीं करना चाहिए। रक्तदान करने से पहले व्यक्ति को प्रोटीनयुक्त आहार लेना चाहिए। साथ ही, शरीर में आयरन की मात्रा भरपूर रखने के लिए रक्तदाता को आयरनयुक्त वस्तुओं यथा किशमिश, पालक आदि का सेवन करना चाहिए। एक बार के रक्तदान में रक्त की पूर्ति शरीर चौबीस घण्टे के भीतर स्वयं ही कर लेता है, जबकि रक्त की गुणवत्ता की पूर्ति रक्तदान के 21 दिनों के भीतर हो जाती है। जो व्यक्ति नियमित रक्तदान करते हैं, उन्हें हृदय सम्बन्धी बीमारियां कम सताती हैं। वहीं, मानव रक्त की संरचना ऐसी होती है कि उसमें मौजूद रहने वाली लाल रक्त कोशिकाएं प्रत्येक तीन महीने में स्वयं ही मर जाती हैं। तात्पर्य यह कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति के लिए तीन महीने में एक बार रक्तदान करना लाभप्रद होता है। भारत में आज भी रक्त की कमी एक गंभीर चुनौती बनी हुई है, जो लाखों जिंदगियों के लिए खतरा साबित होने लगी है। आंकड़ों के अनुसार, देश में सालाना लगभग 1.3 करोड़ यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है। इसके बावजूद, प्रत्येक वर्ष देशवासियों को लगभग 19 लाख यूनिट रक्त की कमी का सामना करना पड़ता है। तात्पर्य यह कि देश के लिए जरूरी रक्त का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा अनुपलब्ध रहता है। यह कमी तब अधिक गंभीर हो जाती है, जब एनीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याएं देश की बड़ी आबादी, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को बुरी तरह प्रभावित करती हैं। हालांकि, विडंबना यह भी है कि इस गंभीर कमी के बावजूद, रख-रखाव की कमी, अपर्याप्त भंडारण सुविधाओं और लॉजिस्टिक्स संबंधी चुनौतियों के कारण दान किए गए रक्त का एक बड़ा हिस्सा बर्बाद हो जाता है।

कुछ अलग

## लू हवाले शहर

**आजकल** गर्मी से तपते उत्तर भारत के ज्यादातर शहरों के लिए यह एक बुरा अनुमान है कि इनमें से अनेक शहरों में लू चलने के दिन दोगुने हो जाएंगे। मात्र पांच वर्ष के समय में न केवल लू के दिन बढ़ जाएंगे, बल्कि बारिश भी अनियमित हो जाएगी। जो लोग अभी तक बढ़ती गर्मी या बिगड़ते जलवायु के प्रति सचेत नहीं हैं, उन्हें यह जरूर जान लेना चाहिए कि साल 2030 तक दिल्ली, पटना, मुंबई, चेन्नई, सूरत, ठाणे, हैदराबाद और भुवनेश्वर जैसे बड़े शहरों में लू के दिन दोगुने हो जाएंगे। आईपीई ग्लोबल और एसरी इंडिया द्वारा किया गया यह अध्ययन हमारे लिए बड़ी चिंता का विषय होना चाहिए। अभी भी हम गर्मी या गर्मी के दिनों पर अंकुश लगाने के लिए ईमानदारी से प्रयास नहीं कर रहे हैं। शहरों में पेड़ों की बेरहम कटाई और जलस्रोतों-जलाशयों की घोर उपेक्षा का क्रम जारी है। हमारे शहर अपनी पवित्र नदियों को भी बचाने में नाकाम हो रहे हैं। गौर करने की बात है कि गर्मी की समस्या एकतरफा नहीं है। इसका एक परिणाम यह होगा कि देश के दस में से आठ जिलों में जरूरत से ज्यादा बारिश दर्ज की जा सकती है। मतलब, न केवल गर्मी का कहर बढ़ेगा, अत्यधिक बारिश भी वार करेगी। यह याद रखने की जरूरत है कि साल 1993 से 2024 के बीच भारत में लू के दिन 15 गुना बढ़े हैं, अतः आगामी पांच वर्ष में अगर लू के दिन दोगुने हो जाएं, तो आश्चर्य नहीं। विगत तीन दशक में पर्यावरण के बिगड़ने की रफ्तार तेज रही है और इससे केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया पर असर पड़ा है। हमें सावधान हो जाना चाहिए कि गर्मी के चलते ग्रीनलैंड की बर्फ औसत से 17 गुना अधिक तेजी से पिघली है। हमें यह भी समझना चाहिए कि जलवायु में परिवर्तन कोई भविष्य की समस्या नहीं है, यह आज की समस्या है और इसने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। ग्रीनहाउस गैसों के बढ़ते उत्सर्जन से जलवायु में होने वाले बदलाव व्यापक प्रभाव डाल रहे हैं। खबरें बार-बार बता रही हैं कि ग्लेशियर और बर्फ की चादरें सिकुड़ रही हैं। ठंडे देशों में नदी और झील की बर्फ समय से पहले ही पिघल जा रही है। प्राकृतिक स्थिरता खो गई है। अब पौधों और जानवरों की भौगोलिक सीमाएं भी बदलने लगी हैं। पौधों और पेड़ों को भी जल्दी मची है। फूल-फल भी जल्दी खिलने-पकने लगे हैं। विश्व स्तर पर यह ज्यादा चिंता की बात है कि समुद्री बर्फ में कमी आ रही है, जिससे समुद्री जल स्तर में तेज वृद्धि हो रही है। इससे अनेक द्वीपों के डूबने का खतरा बढ़ा है। इसी अनुपात में लू या गर्म दिनों में भी वृद्धि हो रही है। मतलब, विश्व स्तर पर जलवायु बचाव के बड़े उपाय आजमाने की जरूरत है। देश और दुनिया के जिम्मेदार लोग और संस्थाएं भले ही मुंह चुराएं, मगर वैज्ञानिक प्रमाण बिल्कुल स्पष्ट हैं। जलवायु परिवर्तन पूरे जीव-जगत के कल्याण और हमारे ग्रह के स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा है। हमें कतई इंतजार नहीं करना चाहिए कि आपदाएं हमारे द्वार पर आ खड़ी हों, तभी हम जागेंगे। बेशक, भारत सीएफएल बल्ब और हरित वाहनों के मामले में बहुतआगे निकल चुका है, पर पर्यावरण के बचाव के लिए अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

दृष्टि कोण

# सुंदर सपनों का असमय टूट जाना

**भारत** के छोटे-छोटे गांवों और कस्बों के छोटे-छोटे लोगों की उम्मीदों, सपनों और दुश्वारियों की किताबें खुल रही हैं। ड्राइंग रूमों से लेकर सड़क किनारे पड़ी मचिया (मंजी) के पास रखे टीवी सेट पर उम्मीदों की टकटकी लगाए करोड़ों लोग इसमें शामिल हैं। ऐसे में कुछ दुखभरी खबरें सुनाई पड़ती हैं, तो मन खिन्न हो जाता है। ऐसा ही कुछ अहमदाबाद में हुई विमान-दुर्घटना के बाद सुनाई पड़ रहा है। इस हादसे में बचे एकमात्र यात्री विश्वास कुमार रमेश की कहानी भी अकल्पनीय है। वे कैसे बचे, वे खुद नहीं जानते। रमेश के भाई ने बताया कि दुर्घटना के कुछ समय फोन कॉल में रमेश ने अपने परिवार से कहा, मुझे नहीं पता कि मैं कैसे जीवित हूं। दूसरी तरफ इस दुर्घटना ने तमाम सपनों को तोड़ा और घर-परिवारों में विषाद की गहरी लकीर खींच दी। ऐसी तमाम कहानियां अहमदाबाद में हुई विमान दुर्घटना के साथ खत्म हो गईं। इनमें राहत और बचाव से जुड़ी सकारात्मक कहानियां भी शामिल हैं। सेवानिवृत्ति से कुछ महीने दूर एक पायलट, ग्यारह वर्ष से अधिक अनुभव वाली एक फ्लाइट अटेंडेंट, केबिन क्रू में शामिल दो मणिपुरी लड़कियों की कहानी और पनवेल की एक युवा फ्लाइट अटेंडेंट जो अपने गांव की असंख्य युवा लड़कियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई थी। वे उन 12 सदस्यीय चालक दल में शामिल थे, जो एयर इंडिया के इस ड्रीमलाइनर के साथ काल-कवलित हो गए। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी अहमदाबाद विमान हादसे में मौत हो गई। वे अपनी पत्नी अंजलि और बेटी से मिलने जा रहे थे। 60 वर्षीय कैप्टन सुमीत सभरवाल, विमान में सवार सबसे वरिष्ठ चालक दल के सदस्य थे। लंबे समय से पायलट रहे सभरवाल अपने 90 वर्षीय पिता के साथ पवई के जलवायु विहार में रह रहे थे। पड़ोसियों के अनुसार, वह रिटायर होने से बस कुछ ही महीने दूर थे और



उन्होंने अपने बूढ़े पिता के साथ घर पर अधिक समय बिताने की योजना बनाई थी। जलवायु विहार के एक पड़ोसी ने बताया, वे बहुत ही रिज़र्व रहने वाले और अनुशासित व्यक्ति थे। हम अक्सर उन्हें वर्दी में आते-जाते देखते थे। उनकी मौत से न केवल उनके परिवार बल्कि पवई के आवासीय समुदाय को भी सदमा लगा है, जहां वे कई सालों से रह रहे थे। महाराष्ट्र के बदलापुर के दीपक पाठक विमान के फ्लाइट असिस्टेंट थे। ग्यारह साल से भी ज़्यादा समय से एयरलाइन के समर्पित कर्मचारी दीपक किसी भी उड़ान से पहले घर पर फ़ोन करना नहीं भूलते थे। उन्होंने गुरुवार को भी ऐसा ही किया। इस त्रासदी ने पाठक परिवार के साथ-साथ बदलापुर के बड़े समुदाय को भी बहुत दुखी कर दिया, जो उन्हें एक सज्जन व्यक्ति के रूप में जानते थे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किसी ने एक सेल्फी प्रकाशित की है, जिसे करीब पौने दो करोड़ बार देखा गया है। इसमें एक युवा दंपति और उनके तीन छोटे बच्चों की मुस्कुराती तस्वीर है। यह तस्वीर राजस्थान के बांसवाड़ा के प्रतीक जोशी के परिवार की है, जो छह साल से लंदन में रह रहे थे। सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रतीक, लंबे समय से अपनी पत्नी और तीन छोटे बच्चों के लिए विदेश में जीवन बनाने का सपना देख रहे थे, जो भारत में ही रहते थे। कई साल तक की औपचारिकताओं के बाद आखिरकार उनका सपना सच होने जा रहा था। दुर्घटना के दो दिन पहले, उनकी पत्नी, डॉ. कोमी व्यास ने, जो उदयपुर की चिकित्सक थीं, अपनी नौकरी से इस्तीफा दे दिया। बैग-पैक के साथ पांच लोगों का यह परिवार एक नए भविष्य को संजोए लंदन जाने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट 171 में सवार हुआ। उन्होंने एक सेल्फी क्लिक की। इसे रिश्तेदारों को भेजा। यही सेल्फी सोशल मीडिया में अब वायरल है। एक नई ज़िंदगी की वह यात्रा पूरी नहीं हो पाई। कुछ ही पलों में, जीवनभर के सपने राख में बदल गए। मणिपुर के थौबल शहर की 21 वर्षीय नगनथोई शर्मा कोंगब्राइलात्पम 12 जून को अहमदाबाद में एयर इंडिया के दुर्घटनाग्रस्त विमान में केबिन क्रू की सदस्य थी। मणिपुर की एक और लड़की 28 वर्षीय लामनुनथेम सिंगसन भी उस फ्लाइट के केबिन क्रू में शामिल थी। सिंगसन का परिवार मई, 2023 में जातीय हिंसा भड़कने के बाद इंफाल से विस्थापित होने के बाद कुकी बहुल कांगपोकपी जिले में रह रहा है।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 वर्षों में बदली गरीब की तकदीर और हिंदुस्तान की तस्वीर : राजेंद्र राठौड़



**जयपुर ( हिंस )।** भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित *संकल्प से सिद्धि* अभियान के तहत आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। राठौड़ ने कहा कि 11 वर्ष पहले जिन संकल्पों के साथ मोदी जी की अगुवाई में सरकार बनी थी, वे संकल्प सिद्धि तक पहुंच रहे है। हिंदुस्तान की तस्वीर और गरीब की तकदीर बदल गई। वर्ल्ड बैंक के अध्ययन के अनुसार, देश में 27 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए हैं। हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। यह मोदी सरकार के नेतृत्व में देश की आर्थिक तरक्की है। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सुरक्षा और विदेश नीति भी मजबूत एवं सुदृढ़ हुई है। फिर चाहे वो पाकिस्तान में आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर हो या फिर 1960 का सिंधु जल समझौता रद्द करने का ऐतिहासिक फैसला हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने का काम किया है। इंदिरा गांधी नहर परियोजना के तहत 649 किलोमीटर लंबी नहर प्रणाली से 16.17 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई हो रही है। अब सिंधु जल समझौता रद्द करने से राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, गुजरात और जम्मू-कश्मीर को सीधा फायदा होगा। सिंधु और चिनाब का पानी रावी-व्यास के माध्यम से हरिके बैराज में पहुंचेगा और हरिके बैराज से पानी इंदिरा गांधी नगर परियोजना के माध्यम से राजस्थान को मिलेगा। इससे राजस्थान की आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। इसी तरह राम जल सेतु लिंक परियोजना से राजस्थान के 40 प्रतिशत हिस्से में, करीबन 3.25 लाख जनसंख्या को पेयजल, 4.03 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को सिंचाई का करीबन 4102 मिलियन क्यूबीक मीटर पानी मिलेगा। भजनलाल सरकार के अल्पकार्यकाल में इस परियोजना में 9446 करोड़ रुपए के कार्य प्रगति पर है, तथा 12674 करोड़ रुपए के टेंडर आमंत्रित किए जा चुके है। इसी तरह यमुना जल समझौते के तहत हरियाणा के ताजेवाला हैड से शेखावाटी के चूरू, झुंझुनूं और सीकर के लोगों को 54400 करोड़ लीटर पानी मिलेगा। इस समझौते से चूरू में 35 हजार हेक्टेयर तथा झुंझुनूं में 70 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचाई हो पाएगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि कृषि प्रधान देश में किसानों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐतिहासिक कार्य किए। देश में कृषि बजट 2013-14 में 21, 930 करोड़ था, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2025-26 में बढ़ाकर 1, 27, 200 करोड़ कर दिया। इतना ही नहीं, देश में बाजरे की एमएसपी 2013-14 में 1, 250 थी, जिसे मोदी सरकार ने दोगुनी से भी अधिक करते हुए 2, 775 कर दी। इसी तरह गेहूं की एमएसपी बढ़ाकर 2, 575 रूपए कर दी गई। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेसी नेता मोदी सरकार

## राजनीतिक तौर पर अलग हुए परिवार एक नहीं हो सकते : सुनैना चौटाला

**यमुनानगर ( हिंस )।** इंडियन नेशनल लोक दल महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुनैना चौटाला महिला कार्यकर्ताओं की बैठक में यमुनानगर पहुंची। सुनैना चौटाला ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हरियाणा में लगातार महिलाएं इनेलो से जुड़ रही हैं। वह अब तक 21 जिलों में महिलाओं की बैठक कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कानून व्यवस्था का भट्ठा बैठ चुका है। रोज हत्याएं, अपहरण हो रहे हैं। गुड़गांव में शराब ठेकों की बोली लगती है तो गोलियां चलती हैं। यमुनानगर सोनीपत, सिरसा में भी इसी तरह की घटनाएं हो चुकी है, लोगों में डर का माहौल है। लोग अपने आप को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सुनैना चौटाला ने कहा कि महंगाई भ्रष्टाचार के मुद्दों पर बीजेपी वोट नहीं मांगती, बल्कि जाति और धर्म के नाम पर वोट मांगती है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के बेरोजगार जब दूसरों देश में जाते हैं तो उन्हें वहां से निकाल दिया जाता है, यह बेरोजगारों से खिलवाड़ है। सुनैना चौटाला ने एक सवाल के जवाब में कहा कि ओमप्रकाश चौटाला जन नेता थे। उनकी फोटो बीजेपी वाले भी लगा सकते हैं, लेकिन उनकी मंशा क्या है। उन्होंने जेजेपी पर सवाल उठाते हुए कहा कि जो पार्टी दादा गौतम को दादा कहती थी। कभी मनोहर लाल की फोटो लगाती थी। अब वह ओमप्रकाश चौटाला की फोटो क्यों लगाना चाहती है। यह मंशा जानने की जरूरत है और इसी पर अभय चौटाला ने सवाल उठाए थे। परिवार एक होने के सवाल के जवाब में सुनैना चौटाला ने कहा कि जो सामाजिक तौर पर परिवार अलग होते हैं उनके मिलने की संभावनाएं रहती हैं। लेकिन जो परिवार राजनीतिक तौर पर अलग होते हैं, अपने परिवार को छोड़ जाते हैं, दादा को छोड़ जाते हैं वह कभी एक नहीं हो सकते। उन्होंने इसके लिए कौरवों और पांडवों के युद्ध का जिक्र किया। सुनैना चौटाला ने हरियाणा में भाजपा द्वारा 2100 रुपए महिलाओं को देने की घोषणा पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा ने जो भी वादे किए थे पूरे नहीं किया।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से नीट-2025 टॉपर महेश कुमार ने की भेंट



**जयपुर ( हिंस )।** राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले के रहने वाले महेश कुमार, जिन्होंने नीट-2025 परीक्षा में देशभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने महेश की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि महेश कुमार ने न केवल अपने परिवार और जिले का, बल्कि पूरे राजस्थान का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने महेश की मेहनत और समर्पण को प्रेरणादायक बताया और प्रदेश के अन्य विद्यार्थियों से भी इसी तरह लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की अपील की। इस अवसर पर महेश कुमार के माता-पिता भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भी बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके संस्कारों और सहयोग का परिणाम है। उल्लेखनीय है कि महेश कुमार ने नीट-2025 में सर्वोच्च रैंक हासिल कर पूरे देश में राज्य का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि को शिक्षा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जा रहा है।

# महोबा सड़क हादसे में कार चालक समेत पांच की मौत

**महोबा ( हिंस )।** जनपद में श्रीनगर-बेलाताल मार्ग पर सोमवार दोपहर को कार और बाइक भिड़ंत के बाद दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढे में गिर गए। इस दुर्घटना में कार चालक समेत पांच लोगों की मौत हुई है। घायलों में एक बच्ची की हालत बेहद नाजुक है। घटना की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी गजल भारद्वाज और पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह ने अस्पताल पहुंच कर घायलों का हाल जाना। एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि चरखारी थाना क्षेत्र के बगरौन गांव निवासी उदयभान के भाई की शादी बीते दिनों हुई थी। सोमवार को वह बुआ के बेटे विनोद, बेटी खुशी, भांजा अंकित और भतीजे बलवीर के साथ बहू को विदा कराने के लिए कार से श्रीनगर थाना क्षेत्र स्थित ननौरा गांव जा रहे थे। इसी दौरान उनकी कार गांव के पास एक बाइक से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरे। इस दुर्घटना में बाइकसवार कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के मुढारी गांव निवासी भरतलाल (32) उसके साथी अजय (18) व संजीव (18) के अलावा कार चालक बजरिया मुहाल निवासी रामपाल (35) और विनोद की मौत हो गई। वहीं अन्य लोग घायल हैं। जानकारी मिलने पर श्रीनगर कोतवाली पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जल जीवन मिशन की प्रभावी मॉनिटरिंग जरूरी



**बीकानेर ( हिंस )।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्यों की निगरानी स्थानीय विधायक व जनप्रतिनिधि गंभीरता से करें। उन्होंने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना की सफलता स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारीपूर्ण भागीदारी से ही सुनिश्चित की जा सकती है। मंत्री चौधरी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि स्वीकृत जल कनेक्शनों से अधिक कनेक्शन किसी भी दबाव में न जोड़े जाएं। यदि निर्धारित संख्या से अधिक कनेक्शन दिए जाते हैं, तो अन्य उपभोक्ताओं को कम दबाव से पानी प्राप्त होगा, जिससे व्यवस्था प्रभावित होगी। उन्होंने तकनीकी निर्देश देते हुए कहा कि पाइपलाइन सड़क की बाउंड्री लाइन के समानांतर बिछाई जाए ताकि भविष्य में सड़क चौड़ी होने पर पाइपलाइन को नुकसान न हो। साथ ही पाइपलाइन की गहराई कम से कम एक मीटर होनी चाहिए। यदि सीसी रोड हटाई जाती है, तो उसके मलबे का पुनः गड्ढों में उपयोग न किया जाए। चौधरी सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ जल जीवन मिशन सहित गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के विधायकों से उनके निर्वाचन क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों की जानकारी ली और कार्यों की प्रगति पर संतोष नहीं जताया। मंत्री ने कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदारों पर जुर्माना लगाने के निर्देश दिए और अधिकारियों को निर्देशित किया कि शेष कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण करें। बैठक में कोलायत विधायक अंशुमान सिंह ने आंधी-तूफान के कारण बिजली आपूर्ति बाधित होने से जल आपूर्ति में आ रही समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, किसी एक परियोजना को मॉडल के रूप में सौर ऊर्जा से जोड़ने का सुझाव दिया।

## राजस्थान विवि को मिला एनएएसी का ए+ग्रेड मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**जयपुर ( हिंस )।** जयपुर स्थित राजस्थान विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा ए+ ग्रेड प्रदान किया गया है। यह उपलब्धि राज्य में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता का प्रमाण है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन, प्रबंधन, शिक्षकों और विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने यह संदेश सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म *एक्स* (पूर्व ट्विटर) पर साझा किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल विश्वविद्यालय की शोध क्षमता और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था को दर्शाती है।

# बेटियां देश का भविष्य ऑपरेशन सिंदूर में किया शक्ति प्रदर्शन : अपर्णा यादव



**उत्तर प्रदेश ( हिंस )।** राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव सोमवार को जालौन के मुख्यालय उरई पहुंची यहां पर उन्होंने वन स्टॉप सेंटर, जिला जेल व जिला अस्पताल का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान हिस्सा लिया और वहां मौजूद महिलाओं को बेटियों की अहमियत समझाई। इस दौरान उन्होंने बताया कि बेटियां देश का भविष्य है। ऑपरेशन सिंदूर में उन्होंने शक्ति का प्रदर्शन किया है। बता दें कि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव शुक्रवार को कन्या सुमंगला योजना को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं और बेटियों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से इनका लाभ उठाने की अपील की। मीडिया से बातचीत के दौरान अपर्णा यादव ने अहमदाबाद प्लेन हादसे को लेकर विपक्ष की आलोचना पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कुछ लोग हर मुद्दे पर राजनीति करने से बाज नहीं आते। अहमदाबाद में हुए दुर्भाग्यपूर्ण हादसे पर भी विपक्ष ने अनावश्यक बयानबाजी की। ऐसे संवेदनशील मामलों में राजनीति नहीं की जानी चाहिए। इसके अलावा, उन्होंने समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव के प्रयागराज कुंभ को लेकर दिए गए बयान पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव खुद भी कुंभ में गए थे और उन्होंने इसकी भव्यता देखी थी। यूनेस्को ने भी इसे *मानवता का महाकुंभ* कहा है। ऐसे में कुंभ को लेकर गलत बयान देना उचित नहीं है। कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य बेटियों के जन्म से लेकर उनकी शिक्षा और आत्मनिर्भर बनने तक हर स्तर पर सहायता प्रदान करना है।

## जयपुर में बीस को जुटेंगे सौर ऊर्जा विशेषज्ञ

**जयपुर ( हिंस )।** सोलर एंड स्टोरेज कांफेक्स का आयोजन बीस जून को द ललित जयपुर में किया जाएगा। इस सम्मेलन में प्रमुख सरकारी अधिकारियों सहित सौर ऊर्जा और ऊर्जा भंडारण क्षेत्र के अग्रणी उद्योग प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह सम्मेलन राज्य की ऊर्जा विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। आयोजन का नेतृत्व सोलर क्वार्टर की ओर से किया जा रहा है। इस आयोजन में यूटिलिटी-स्केल सोलर परियोजनाओं, रूफटॉप सोलर समाधानों, हाइब्रिड पावर सिस्टम और एडवांस्ड एनर्जी स्टोरेज तकनीकों पर केंद्रित विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रतिभागी नीति, निवेश, तकनीक और परियोजना निष्पादन से संबंधित उपयोगी जानकारियों से लाभान्वित होंगे। सम्मेलन के साथ एक प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी। जिसमें नवीनतम तकनीकों और समाधानों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह प्रतिभागियों को अत्याधुनिक तकनीक का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने का अवसर देगा। इस कार्यक्रम में सौर डेवलपर्स, ईपीसी कंपनियां, तकनीकी प्रदाता, निवेशक, सलाहकार, और औद्योगिक उपभोक्ता बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

# भाजपा प्रदेशभर में आयोजित करेगी योग कार्यक्रम



**जयपुर ( हिंस )।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं भीलवाड़ा सांसद दामोदर अग्रवाल ने 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बताया कि देशभर में 21 जून को योग दिवस मनाया जाएगा। इससे पूर्व 19 और 20 जून को भारतीय जनता पार्टी प्रदेशभर में योग कार्यक्रम आयोजित करेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश, संभाग, जिला, मंडल स्तर पर संगठनात्मक रूप से योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस दौरान भाजपा के सभी 44 जिलों के 1137 मंडलों में लगभग 1500 से अधिक योग के कार्यक्रम होंगे। भाजपा योग दिवस से पूर्व प्रदेश के नगर पालिका, नगर परिषद एवं नगर निगमों में एक से अधिक कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस दौरान कस्बा क्षेत्रों में महिलाओं के भी अलग से कार्यक्रम होंगे। कई स्थानों पर नवाचारों के साथ कार्यक्रम संपादित करने के प्रयास है। योग कार्यक्रम के साथ-साथ योग प्रशिक्षकों को सम्मानित भी किया जाएगा। भाजपा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि योग दुनिया को भारत द्वारा दिए गए सबसे बड़े उपहारों में से एक है। योग शारीरिक व्यायाम से कहीं बढ़कर, जीवन जीने की एक शैली है, जो मानसिक स्पष्टता, भावनात्मक स्थिरता और आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है। आज इसकी प्रासंगिकता खास तौर पर प्रबल है। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास से एकात्मकता की भावना का सृजन होता है – मन, शरीर और बुद्धि की एकात्मकता, अपने परिवारों के साथ, जिस समाज में हम रहते हैं उसके साथ, साथी मनुष्यों के साथ, उन समस्त पक्षियों, पशुओं और वृक्षों, जिनके साथ हम अपने सुंदर ग्रह को साझा करते हैं, के साथ एकात्मकता... यही योग है। भाजपा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रतिवर्ष 21 जून को मनाया जाता है। यह दिन उत्तरी गोलार्ध में वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र के 177 सदस्यों द्वारा 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मनाने के प्रस्ताव को मंजूरी मिली थी। भारत के इस प्रस्ताव को 90 दिन के अन्दर पूर्ण बहुमत से पारित किया गया, जो किसी प्रस्तावित दिवस को संयुक्त राष्ट्र संघ में पारित करने के लिए सबसे कम समय है। योग भारत के ज्ञान को कुशल नेतृत्व के प्रयासों से स्वीकार्यता का गौरवपूर्ण अध्याय है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2015 में अपनी शुरुआत होने के बाद से ही दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य मुहिमों में शुमार हो गया है। भाजपा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा कि योग 2015 के बाद से हर साल ऐतिहासिक मील का पत्थर स्थापित करता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024 में व्यापक भागीदारी देखी गई थी। इसमें लगभग 24.53 करोड़ प्रतिभागियों ने शिरकत की। सामाजिक संस्थाओं, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी विभागों के माध्यम से आउटरीच को बड़ाया गया। सोशल मीडिया के जरिए 3.48 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई गई। जबकि भारतीय दूतावासों और संस्थानों ने वैश्विक स्तर पर 5.45 लाख से अधिक व्यक्तियों से संपर्क साधा गया। ये उपलब्धियां स्वास्थ्य और एकता के वैश्विक सेतु के रूप में योग की भूमिका को पुष्ट करती हैं। एक सर्वे में यह भी सामने आया कि 11.2 प्रतिशत लोग नियमित रूप से योग का अभ्यास करते हैं। 13.4 प्रतिशत लोग कभी-कभी योग करते हैं। 41 फीसदी लोग किसी ना किसी रूप से योग से जुड़े है।

## मोहाली में हत्या व दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** मोहाली पुलिस ने मुठभेड़ के बाद हत्या, दुष्कर्म व नशा तस्करी समेत कई मामलों में वांछित आरोपी को रविवार की रात एक मुठभेड़ में घायल होने के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस इस आरोपी को 26 मई से तलाश कर रही थी, लेकिन वह हर बार पुलिस को चकमा देकर फरार हो जाता था। आरोपी की पहचान संदीप कुमार के रूप में हुई है। मोहाली के एसएसपी हरमनदीप सिंह हंस ने सोमवार को बताया कि आरोपी संदीप को फेज-6 के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ है। एसएसपी ने बताया कि 26 मई को मोहाली फेज-1 में एक हत्या हुई थी। पुलिस ने जब इसकी जांच शुरू की, तो पता चला कि इस मामले में बबलू और संदीप नामक युवक शामिल थे। इस दौरान बबलू बाइक चला रहा था, जबकि संदीप पीछे बैठा हुआ था। संदीप ने ही गोली चलाई थी। इसके बाद दोनों फरार हो गए थे। बबलू को दो-तीन दिन पहले पुलिस ने उत्तर प्रदेश के बदायूं से गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से पुलिस संदीप की तलाश में जुटी हुई थी। तीन दिन से आरोपी लखनौर इलाके में छिपा हुआ था, लेकिन हर बार पुलिस को चकमा देकर बच निकलता था। जैसे ही वह रविवार की रात लखनौर में नशे की सप्लाई देने आया तो सीआईए मोहाली की टीम ने उसे गिरफ्तार करने की कोशिश की। आरोपी ने एक फायर कर पीछे की तरफ भागने की कोशिश की। इसके बाद सीआईए टीम ने हवाई फायरिंग की। आरोपी ने फिर दो हवाई फायर किए। इसके जवाब में पुलिस ने कार्रवाई की, जिसमें आरोपी के पैर में गोली लगी है। एसएपी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आठ एफआईआर दर्ज हैं, जिनमें मर्डर, किडनैपिंग, नशा तस्करी और मारपीट के मामले शामिल हैं। 26 मई को उसने मोहाली इलाके में दूसरा मर्डर किया था।

# योगी सरकार का महिला सुरक्षा का वादा देश के लिए बना रोल मॉडल



**लखनऊ ( हिंस )।** भारत सरकार के इंवेस्टिगेशन ट्रैकिंग सिस्टम फॉर सेक्सुअल अफेंस (आईटीएसएसओ) की जून माह की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश ने केंद्र शासित राज्यों को छोड़कर बड़े राज्यों में महिला संबंधी यौन उत्पीड़न के मामलों के निपटारे में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं यौन उत्पीड़न संबंधी मामलों के कॉम्प्लाएंस रेश्यो में भी बड़े राज्यों में यूपी ने पहला स्थान प्राप्त किया है। देश में उत्तर प्रदेश में यौन उत्पीड़न संबंधी मामलों में पेंडेंसी सबसे कम है। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों के यौन उत्पीड़न संबंधी मामलों की पेंडेंसी को जीरो करने के निर्देश दिए हैं। बता दे कि योगी सरकार पिछले कई वर्षों से महिला संबंधी अपराधों के डिस्पोजल रेट, कंप्लायंस रेट में पहले स्थान पर बना हुआ है। महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की नोडल पद्मजा चौहान ने बताया कि आईटीएसएसओ की 21 अप्रैल 2018 से तीन जून-2025 तक की रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में देश भर के राज्यों में पहले स्थान पर है। प्रदेश का निस्तारण रेश्यो 98.60 प्रतिशत है। इस दौरान उत्तर प्रदेश में कुल 1, 22, 130 एफआईआर दर्ज की गयी। वहीं केंद्र शासित राज्यों में दादरा और नगर हवेली व दमन एवं दीव 98.80 प्रतिशत के साथ पहले स्थान पर है। उन्होंने बताया कि अगर देश के बड़े राज्यों की बात करें तो महिलाओं और बच्चियों से संबंधित अपराधों के निस्तारण में उत्तर प्रदेश पहले, दिल्ली 97.60 प्रतिशत के साथ दूसरे और हरियाणा 97.20 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है, जबकि वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश इस रैंकिंग में सातवें स्थान पर था। उस समय मामलों के निस्तारण की दर 95 प्रतिशत थी। इसी तरह कंप्लायंस रेट (60 दिन के अंदर चार्जशीट दाखिल करने की दर) में गोवा 88.50 प्रतिशत के साथ पहले, दादरा और नगर हवेली व दमन एवं दीव 88.30 प्रतिशत के साथ दूसरे और उत्तर प्रदेश 80.60 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं अगर बड़े राज्यों की बात करें तो उत्तर प्रदेश 80.60 प्रतिशत के साथ पहले, उत्तराखंड 80 प्रतिशत के साथ दूसरे और मध्य प्रदेश 77 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि वर्ष 2018 में प्रदेश इस रैंकिंग में दसवें स्थान पर था। नोडल अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश का पेंडेंसी रेट (लंबित मामलों का अनुपात) केवल 0.20 प्रतिशत है, जो इसे देश में सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाला राज्य बनाता है। वहीं मणिपुर, तमिलनाडु और बिहार का पेंडेंसी रेट काफी अधिक (मणिपुरः 65.7 प्रतिशत, तमिलनाडुः 58.0 प्रतिशत और बिहार 34.5 प्रतिशत) है जबकि वर्ष 2018 में इस रैंकिंग में प्रदेश सातवें स्थान पर था। यह उपलब्धि योगी सरकार की नेतृत्व क्षमता और महिला सुरक्षा के प्रति सख्त नीति को दर्शाती है। नोडल ने बताया कि महिला संबंधी मामलों के निस्तारण के लिए डब्ल्यूसीएसओ (वूमेन एंड चाइल्ड सेफ्टी आर्गेनाइजेशन) द्वारा हर महीने केसों की समीक्षा की जाती है। इसके साथ जिलों और कमिश्नरेट स्तर पर एएसपी रैंक के अधिकारी द्वारा पॉक्सो मामलों की कड़ी निगरानी, लंबित मामलों पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए नियमित फॉलोअप, दो माह से अधिक लंबित केस वाले आईओ को मुख्यालय बुलाकर व्यक्तिगत समीक्षा, आईओ के लिए नियमित ट्रेनिंग और कानूनी कार्यशालाओं का आयोजन, समय पर जांच पूरी करने वाले अधिकारियों को प्रशंसा पत्र और लापरवाही बरतने वाले आईओ के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाती है। इसी का नतीजा है कि आज इसके परिणाम हम सबके सामने हैं।

## बिहार के सारण में पिकअप पलटी, महिला समेत छह की मौत

**पटना ( हिंस )।** बिहार में सारण जिले के नयागांव थाना अंतर्गत बाजितपुर गांव के पास सोमवार सुबह पिकअप गाड़ी के पलटने से एक महिला समेत छह लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना में कई लोग घायल हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि पिकअप में 35 से 40 लोग सवार थे। पुलिस के मुताबिक पिकअप गाड़ी दिघवारा से मक्का लोड करके हाजीपुर की तरफ जा रही थी। इसी दौरान बाजितपुर के निकट पिकअप का एक चक्का ब्लास्ट करने के बाद गाड़ी पलट गई। इसमें छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को अनुमंडल अस्पताल सोनपुर ओर हाजीपुर सदर अस्पताल भेजा गया। घायलों में कई की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों की पहचान बादल कुमार (18), लक्ष्मी देवी (55), गोलू कुमार (18), अरविंद कुमार (16) फूलमती देवी पति चंदेश्वर पासवान के रूप में हुई है।



# अमिताभ कांत ने जी-20 के शेरपा पद से दिया इस्तीफा

नई दिल्ली

**अमिताभ कांत ने जी-20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। उनको भारत के जी-20 शेरपा के रूप में जुलाई, 2022 में नियुक्त किया गया था। अमिताभ कांत की नियुक्ति भारत की ओर से जी-20 की अध्यक्षता संभालने से कुछ महीने पहले की गई थी। उन्होंने 45 वर्ष की अपनी सरकारी सेवा के दौरान कई कार्यभार संभाले हैं।**

अमिताभ कांत ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर लिखा है कि नए अवसरों को तलाशने और जीवन में एक नया अध्याय शुरू करने का फैसला किया है। अपने इस्तीफे के साथ उन्होंने भारत के जी-20 शेरपा के रूप में अपना इस्तीफा स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उन्होंने लिखा है कि प्रधानमंत्री ने मुझे कई विकासात्मक पहलों को आगे बढ़ाने और भारत की वृद्धि, विकास और प्रगति में योगदान करने का अवसर दिया।

उन्होंने आगे लिखा है कि मैं अपने सभी सहकर्मियों, साथियों और मित्रों का उनके धैर्य, समझ और समर्थन के लिए आभारी हूं। अब मैं मुक्त उद्यम, स्टार्टअप, थिंक टैंक और शैक्षणिक संस्थानों को सुविधा और समर्थन देकर विकसित भारत की ओर भारत की परिवर्तनकारी यात्रा में योगदान देने के लिए तत्पर हूं। इस अविश्वसनीय यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आप सभी का धन्यवाद। मेरी लिंक्ड इन पोस्ट संलग्न है।

अमिताभ कांत ने अपने करियर के महत्वपूर्ण मील के पत्थरों पर प्रकाश डालते हुए 2023 में भारत की जी-20 प्रेसीडेंसी को याद किया। उन्होंने कहा, भारत ने अफ्रीकी संघ को जी-20 में सफलतापूर्वक शामिल किया, जिससे वैश्विक समानता और वैश्विक दक्षिण की आवाज़ के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पूरी हुई। कांत ने सरकार की कुछ प्रमुख पहलों जैसे कि ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस, मेक इन इंडिया और स्टार्टअप इंडिया को आगे बढ़ाया, जिससे देश को विश्व बैंक की रैंकिंग में 79 पायदान ऊपर चढ़ने में मदद मिली।

केरल कैडर के 1980 बैच के सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) नीति आयोग के पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने तीन साल तक इस पद पर रहने के बाद जी-20 शेरपा के पद से इस्तीफा दे दिया है। कांत ने 45 साल तक सरकारी सेवाएं दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### डीएलएफ की गुरुग्राम में 5,500 करोड़ रुपए के निवेश की योजना, रियल स्टेट कंपनी डीएलएफ बनाएगी महाराजा स्टाइल अपार्टमेंट




**नई दिल्ली।** भारतीय रियल एस्टेट बाजार में अपनी मजबूती दिखाने वाली प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी डीएलएफ ने गुरुग्राम में एक लक्जरी आवास परियोजना डीएलएफ प्रिवाना नॉर्थ के लिए करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। जिससे कंपनी चालू वित्त वर्ष में उच्च मांग के आधार पर रिकॉर्ड बिक्री बुकिंग हासिल करना चाहती है। डीएलएफ की इस नई परियोजना में 1,150 से अधिक अपार्टमेंट होंगे, जिसकी अनुमानित लागत है करीब 5,500 करोड़ रुपये। यह गुरुग्राम में 18 एकड़ के क्षेत्र में स्थित होगी। इससे पहले भी कंपनी ने गुरुग्राम में डीएलएफ प्रिवाना वेस्ट और डीएलएफ प्रिवाना साउथ जैसी अन्य परियोजनाएं शुरू की हैं, जिन्हें कंपनी ने अच्छे नुकसानों के बावजूद सफलतापूर्वक बेच दिया है। डीएलएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में कंपनी की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य 20,000-22,000 करोड़ रुपये है, जो पिछले साल के मुख्य लक्ष्य के बराबर है। उन्होंने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए मूल्य की अधिक मांग वाली आवासीय संपत्तियों के बेचने की योजना बताई है ।

### जम्मू-कश्मीर की चेरी हुई वैश्विक, पहली अंतरराष्ट्रीय खेप को दिखाई गई हरी झंडी




**नई दिल्ली।** जम्मू और कश्मीर के बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा देते हुए कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के तत्वावधान में प्रीमियम गुणवत्ता वाली कश्मीरी चेरी की पहली अंतरराष्ट्रीय खेप को आधिकारिक तौर पर रवाना किया गया, जो वैश्विक ताजा उपज बाजारों में घाटी के प्रवेश करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में बताया कि जम्मू-कश्मीर से प्रीमियम चेरी की पहली वाणिज्यिक खेप सऊदी अरब और यूएई के लिए रवाना हुई। इससे हमारे चेरी किसानों के लिए एक बड़ा बाजार खुल गया है, जिन्हें अब अपनी उपज के लिए बेहतर कीमत मिलेगी। पीयूष गोयल ने आगे लिखा है मोदी सरकार भारत को प्रीमियम कृषि उत्पादों के वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करने के लिए रसद संबंधी कमियों को दूर करने में जुटी है। ये उपलब्धि भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अधीन कार्यरत कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के तत्वावधान में हासिल की गई है। ताजा चेरी की यह पहली खेप संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब को निर्यात की जा रही है, जो कश्मीरी बागवानी उत्पादों के लिए एक संरचित वैश्विक निर्यात पाइपलाइन की शुरुआत है।

### बेटियों के लिए आवश्यक है सुकन्या समृद्धि योजना



**नई दिल्ली।** दिन-प्रतिदिन बढ़ रहे शिक्षा और शादी जैसे बड़े खर्चों के लिए वित्तीय योजना का महत्व स्वीकार किया जा रहा है। इसी दिशा में भारत सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना (एसएचवाय) की शुरुआत की है। एसएसवाय एक सरकारी समर्थित बचत योजना है जो बच्चों के भविष्य की देखरेख करती है। इस योजना में माता-पिता अपनी बेटियों के नाम से खाता खोलकर निवेश कर सकते हैं। 10 साल की उम्र तक खाता खोल सकते हैं और एक से अधिक बेटियों के लिए भी यह योजना उपलब्ध है। इस योजना में 6 साल का लॉक-इन पीरियड होता है, जिसके दौरान पैसा निकाला नहीं जा सकता, लेकिन ब्याज मिलता रहता है। बेटी के 18 और 21 साल की उम्र में निवेश का निकासी कर सकते हैं। एक उदाहरण के रूप में, यदि कोई अभिभावक ने अपनी 1 वर्ष की बेटी के नाम पूरी सीमा में निवेश किया है, तो साल 2025 में वह अधिकतम 1.5 लाख का निवेश करेगा। इस प्रकार सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के भविष्य को सुरक्षित बनाने में मददगार साबित हो सकती है और माता-पिता को आने वाले जीवन के महत्वपूर्ण पलों के लिए तैयार रखने में मदद कर सकती है ।

# ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत एशिया में मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली

ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान गिरावट के साथ बंद हुए थे। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स मामूली बढ़त के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार ने भी कमजोरी के साथ पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया था। वहीं एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। ईरान और इजरायल के बीच शुरू हुए संघर्ष के कारण अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान बड़ी गिरावट का शिकार हो गए थे। डाउ जॉन्स दो प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 1.13 प्रतिशत की कमजोरी के साथ पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 255.66 अंक यानी 1.30 प्रतिशत टूट कर 19,406.83 अंक के स्तर पर बंद हुआ। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.03 प्रतिशत की सांकेतिक बढ़त के साथ 42,208.84 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान लगातार दबाव में कारोबार करते रहे। एफटीएसई इंडेक्स 0.39 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 8,850.63 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.05 प्रतिशत लुढ़क कर 7,684.68 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 255.22 अंक यानी 1.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,516.23 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजार में मिला-जुला कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। एशिया के 9 बाजारों में से 5 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 4 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.30 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 3,899.56 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह ताइवान वेटेड इंडेक्स 0.32 प्रतिशत लुढ़क कर 22,002.80 अंक के स्तर तक गिर गया है। सेट कंपोजिट इंडेक्स में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। फिलहाल यह सूचकांक 0.97 प्रतिशत फिसल कर 1,111.83 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 23,858.59 अंक के स्तर पर बना हुआ है।



### ईरान-इजरायल तनाव से उड़ानों के मार्ग बदलने से हवाई यात्री परेशान, - उड़ान कंपनियों की लागत बढ़ने से हवाई किरायों में तेजी से हो रही वृद्धि

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान तनाव ने ईरान, इजरायल और पाकिस्तान के बीच यात्रा योजनाओं पर काफी असर डाल दिया है। ईरान, इजरायल, जॉर्डन, सीरिया और इराक ने हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है, जिससे विमानों का मार्ग बदल गया है और यूरोप जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उड़ान कंपनियों की लागत में वृद्धि होने के कारण हवाई किरायों में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिससे यात्रियों को आराम नहीं मिल रहा है। फेडरेशन ऑफ एसोसिएशन इन इंडियन टूरिज्म और हॉस्पिटैलिटी के एक अधिकारी ने बताया कि तनाव के कारण उड़ान कंपनियों की लागत में वृद्धि होने के चलते विमानों के समय पर किराये में भी वृद्धि हो रही है। उनके अनुसार यह समस्या इसी क्षेत्र में आगे भी बढ़ सकती है। हवाई क्षेत्रों पर अस्थायी प्रतिबंध से विमानों को आने-जाने में अधिक समय लग रहा है।

दूसरी ओर, गिफ्ट निफ्टी 106 अंक यानी 0.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24,845.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.46 प्रतिशत उछल कर 7,199.35 अंक के स्तर तक पहुंच गया है। निक्केई इंडेक्स ने बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल यह सूचकांक 402.73 अंक यानी 1.06 प्रतिशत की बढ़त के साथ 38,236.98 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.78 प्रतिशत की मजबूती के साथ 2,917.18 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,378.78 अंक के स्तर पर कारोबार करते हुए नजर आ रहे हैं।

# गाजियाबाद के युवक ने अपनी मेहनत और साहस से अपने सपनों को किया पूरा



नई दिल्ली

**1700 रुपए लेकर अमेरिका पहुंचे थे निकेश, आज पिचाई से भी ज्यादा सैलरी**

सामान्य परिवार से होने के नाते निकेश अरोड़ा ने अपनी मेहनत और साहस से अपने सपनों को पूरा करने का मार्ग तय किया। गाजियाबाद के इस नौजवान ने अपने अद्वितीय प्रतिभा और उत्कृष्ट कौशल से बनाया एक सफल शख्सियत की मिसाल। गाजियाबाद के निकेश की कहानी भाग्य और मेहनत का परिणाम है। उन्होने अपने व्यक्तिगत जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया, लेकिन उसने हार नहीं मानी। उन्होंने आखिरकार साइबर सुरक्षा क्षेत्र में एक शानदार सफलता हासिल की है। पढ़ाई-लिखाई में हमेशा अव्वल रहने वाले निकेश ने अमेरिका जाने से पहले आईआईटी बीएचयू से इंजीनियरिंग की डिग्री हासिल की। परिवार में ज्यादा पैसे न होने की वजह से उन्हें अमेरिका में मनचाहे कॉलेज में एडमिशन लेना संभव नहीं हो रहा था। लिहाजा उन्होंने ऐसे कॉलेज और विश्वविद्यालय में आवेदन किया, जहां शुल्क नहीं लग रहा था। आखिरकार बोस्टन के नॉर्थईस्टर्न विश्वविद्यालय ने उन्हें स्कॉलरशिप ऑफर किया और घर से महज 100 डॉलर, जिसकी कीमत साल 1990 में महज 1,700 रुपये थी, लेकर अमेरिका पहुंच गए। कोर्स पूरा करने के बाद उनकी नौकरी के आवेदन को 400 कंपनियों ने खारिज कर दिया। आखिरकार उन्हें साल 1992 में फिडेलिटी इनवेस्टमेंट में बतौर ट्रेनी जॉब मिली। अपनी प्रतिभा और लगन से वह जल्द ही फिडेलिटी टेक्नोलॉजी के वाइस प्रेसिडेंट बन गए। उन्होंने एमएस और सीएफए जैसे कोर्स भी कर लिए। साल 2004 में गूगल का आईपीओ आने के कुछ महीने बाद निकेश ने इस कंपनी को ज्वाइन किया और अगले एक दशक में कंपनी का राजस्व 2 अरब डॉलर से बढ़कर 60 अरब डॉलर पहुंच गया। साल 2014 में उन्होंने गूगल छोड़कर सॉफ्टबैंक ज्वाइन कर लिया, जहां अध्यक्ष और सीओओ के रूप में काम किया और निवेश की बारीकियां जानीं। यहां 4 साल काम करने के बाद निकेश ने साल 2018 में बतौर सीईओ ऑल्टो नेटवर्क्स को ज्वाइन किया।

## भीषण गर्मी ने बढ़ाई टमाटर की कीमतें



दिल्ली में भीषण गर्मी ने न केवल मौसम को प्रभावित किया है, बल्कि यह अब आम लोगों की रसोई पर भी असर डाल रहा है। खासकर टमाटर के दामों में बढ़ोतरी आई है। इस दौरान टमाटर के दाम 70 से 80 रुपए प्रति किलो तक पहुंच गए हैं। उत्तर भारत में भारी नुकसान होने के कारण जून-जुलाई में लोकल टमाटर की फसल खत्म हो जाती है और इस समय ट्रांसपोर्ट की खर्च भी बढ़ जाते हैं। बेंगलुरु से आने वाला टमाटर 1000 रुपए प्रति 25 किलो की दर से बिक रहा है, जबकि पहले यही कैरेट 700-800 रुपए में मिल रही थी। इसके साथ ही प्याज की कीमतों में भी तेजी से वृद्धि देखी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि बारिश के बिना बाजार में दर कम होने की उम्मीद कम है। उपभोक्ताओं को अगले कुछ हफ्तों तक महंगे टमाटर झेलने पड़ सकते हैं।

# वाटरवेज लीजर टूरिज्म ने आईपीओ के लिए सेबी के समक्ष डीआरएचपी दाखिल किया

मुंबई

वाटरवेज लीजर टूरिज्म ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये धन जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) फिर से दाखिल किया है। कंपनी का लक्ष्य इस आईपीओ के माध्यम से 727 करोड़ रुपये जुटाना है। इसके शेयर एनएसई और बीएसई दोनों स्टॉक एकसचेंज पर सूचीबद्ध होंगे। पूंजी बाजार नियामक सेबी के समक्ष जमा दस्तावेज के मुताबिक वाटरवेज लीजर टूरिज्म लिमिटेड का 10 रुपये के अंकित मूल्य वाला यह आईपीओ पूरी तरह से 727 करोड़ रुपये तक के शेयरों का एक नया इश्यू है, जिसमें कोई बिक्री के लिए प्रस्ताव नहीं है। इस ऑफर का योग्य संस्थागत खरीदारों के लिए आवंटन न्यूनतम 75 फीसद निर्धारित किया गया है, जबकि 15 फीसदी गैर-संस्थागत निवेशकों के लिए और 10 फीसदी खुदरा निवेशकों के लिए आरक्षित है। सेंट्रम कैपिटल लिमिटेड, इंटेंसिव फिस्कल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड और मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड इस इश्यू के बुक-रनिंग लीड मैनेजर हैं, जबकि एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड रजिस्ट्रार है। कंपनी की योजना इस इश्यू से प्राप्त 552.53 करोड़ रुपये का इस्तेमाल मुख्य रूप से अपनी सहायक कंपनी 'बेक्रूज आईएफएससी' के साथ ही लीजिंग उद्देश्यों और अन्य सामान्य कॉर्पोरेट रणनीतियों के लिए करने की है।




भारत की एकमात्र घरेलू महासागर क्रूज ऑपरेटर टरवेज लीजर टूरिज्म लिमिटेड वर्तमान में कॉर्डेलिया क्रूज ब्रांड नाम के तहत एक क्रूज जहाज एमवी एम्प्रेस का संचालन करता है। लॉन्च होने के बाद से 5,49,051 मेहमान इस क्रूज जहाज पर यात्रा कर चुके हैं। इसने 31 दिसंबर, 2024 तक भारतीय तटरेखा और आसपास के द्वीपों के साथ 2,25,079.53 समुद्री मील से अधिक की दूरी तय की है।

# थोक महंगाई दर मई में घटकर 14 महीने के निचले स्तर 0.39 फीसदी पर

नई दिल्ली

महंगाई के मोर्चे पर आम जनता को बड़ी मिली है। खुदरा महंगाई के बाद थोक महंगाई दर में भी गिरावट आई है। मई महीने में थोक महंगाई दर घटकर 0.39 फीसदी पर आ गई है, जो इसका 14 महीने का निचला स्तर है। इससे पहले अप्रैल में थोक महंगाई दर 0.85 फीसदी रही थी, जबकि पिछले साल मई में यह 2.74 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर मई महीने में घटकर 0.39 फीसदी पर आ गई है। रोजाना की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों की कीमतों के घटने से थोक महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई है। ये इसका 14 महीने का निचला स्तर है। मंत्रालय के मुताबिक इससे पहले अप्रैल महीने में थोक महंगाई दर 2.05 फीसदी से घटकर 0.85 फीसदी पर आ गई थी, जो इसका 13 महीनों का निचला स्तर था। इससे पहले मार्च 2024 में थोक महंगाई दर 0.26 फीसदी रही थी। मार्च 2025 में यह 2.05 फीसदी पर था। जनवरी 2025, में 2.38 फीसदी थी, जबकि फरवरी 2025 में थोक महंगाई दर 2.38 फीसदी रही थी, जबकि मई 2024 में यह दर 0.53 फीसदी पर थी। मई में ये चीजें हुईं सस्ती आंकड़ों के अनुसार खाने-पीने के सामानों में कटौती का असर थोक महंगाई दर के आंकड़ों के तौर पर साफ देखा जा सकता है। खाने-पीने की चीजों (फूड इंडेक्स) की महंगाई 2.55 फसदी से घटकर 1.72 फीसदी पर आ गई है। वहीं, फ्यूल और पावर की थोक महंगाई दर -2.18 फीसदी से घटकर -2.27 फीसदी रही है।



### आईफोन बनाने वाली भारतीय कंपनियों ने पार किया 20 फीसदी लोकल आंकड़ा, अगले एक दशक के दौरान 35 से 40 फीसदी के पार पहुंचने का लक्ष्य

**मुंबई।** ऐपल इंडिया के लिए ठेके पर आईफोन बनाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, विस्ट्रॉन इन्फोकॉम मैन्युफैक्चरिंग, पेगाट्रॉन टेक्नॉलजी इंडिया और फॉक्सकॉन होन हाई इंडिया आईफोन के हर वेरिएंट में अब आधिकारिक तौर पर 20 फीसदी से ज्यादा देसी मूल्यवर्द्धन कर रही हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि 20 फीसदी की सीमा को पार करना इन कंपनियों के लिए एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव है। पांच साल पहले तक इनमें से अधिकतर कंपनियों का स्थानीय पुर्जा विनिर्माण एवं घरेलू मूल्यवर्धन निचले एकल अंक में था। अब अगले एक दशक के दौरान 35 से 40 फीसदी के पार पहुंचने का लक्ष्य है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, विस्ट्रॉन, पेगाट्रॉन और फॉक्सकॉन अपने कारखानों में आईफोन की असेंबलिंग ही करती हैं मगर वे स्मार्टफोन के कुछ पुर्जों का परीक्षण भी करती हैं। ठेके पर मोबाइल फोन बनाने वाली कंपनियां जब आयातित बैटरी पैक, चार्जर, अडॉप्टार, मैकेनिक्स, डाई-कट पार्ट्स, माइक्रोफोन, रिसीवर, कीपैड, यूएसबी केबल आदि की असेंबली और परीक्षण देश के भीतर ही करती हैं तो सरकार उसे घरेलू मूल्यवर्धन की श्रेणी में रखने की इजाजत देती है। अब इन सभी कंपनियों को उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग के सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता) आदेश, 2017 के अनुसार दूसरी श्रेणी के स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं में शुमार कर लिया गया है।




# हायरॉक्स इंडिया ने 2025-26 सीजन का पूरा कैलेंडर जारी किया, दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु में होंगी रेस

नई दिल्ली

दुनिया भर में मशहूर फिटनेस रेस हायरॉक्स ने भारत के लिए 2025-26 सीजन (जुलाई 2025 से जून 2026) का अपना पूरा कैलेंडर जारी कर दिया है। इस ऐलान के साथ भारत में हायरॉक्स की पहली पूर्ण सीजन की शुरुआत हो रही है, जो देश में फिटनेस संस्कृति को एक नई पहचान देने जा रही है। मुंबई में इस साल की शुरुआत में सफल डेब्यू के बाद अब हायरॉक्स इंडिया तीन प्रमुख शहरों में अपने कार्यक्रम आयोजित करेगा, जो इस प्रकार है।

**दिल्ली** - 19 जुलाई 2025
**मुंबई** - 7 सितंबर 2025
**बेंगलुरु** - 11 अप्रैल 2026

यह भारत में हायरॉक्स का पहला फुल-सीजन होगा, जो देश में इसके दीर्घकालिक विकास और व्यापक क्षेत्रीय भागीदारी की नींव रखेगा। हायरॉक्स इंडिया के प्रमुख दीपक राज ने कहा, यह भारत का हायरॉक्स सीजन है। हम एक मल्टी-सिटी कैलेंडर के साथ देशभर में लौट रहे हैं, जो हर कोने के फिटनेस प्रेमियों को आमंत्रित करता है। उत्तर से लेकर दक्षिण तक, हम एक ऐसी फिटनेस कम्युनिटी बना रहे हैं जो प्रतिस्पर्धात्मक भी है और समावेशी भी। हायरॉक्स एक अनूठा फिटनेस इवेंट है, जिसमें प्रतिभागियों को 8 बार - 1 किलोमीटर की दौड़ और 1 वर्कआउट स्टेशन से गुजरना होता है। यह फॉर्मेट इस तरह से डिज़ाइन किया गया है कि इसमें पेशेवर एथलीट से लेकर आम फिटनेस प्रेमी तक हर कोई भाग ले सकता है। यही कारण है कि इसे हर किसी के लिए खेल कहा जाता है। भारत में हायरॉक्स की एंट्री ऐसे समय हो रही है जब देश में फिटनेस के प्रति उत्साह बढ़ रहा है और लोग सामूहिक प्रतिस्पर्धाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। तीन बड़े शहरों में होने वाले आयोजनों के जरिए हायरॉक्स खुद को एक राष्ट्रीय फिटनेस स्पोर्ट के रूप में स्थापित कर रहा है। इस सीजन के दौरान भारतीय प्रतिभागियों को हायरॉक्स वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 के लिए क्वालिफाई करने का भी अवसर मिलेगा।

## न्यूज़ ब्रीफ

### महिला विश्व कप 2025: भारत-पाकिस्तान मुकाबले की तारीख तय



**नई दिल्ली।** आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की तारीखों की घोषणा कर दी गई है। टूर्नामेंट की शुरुआत 30 सितंबर को होगी, जहां मेज़बान भारत की टीम बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका से भिड़ेगी। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का राउंड-रॉबिन चरण 26 अक्टूबर तक चलेगा। इसके बाद सेमीफाइनल मुकाबले 29 और 30 अक्टूबर को खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का फाइनल 2 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। भारत बनाम पाकिस्तान: बहुप्रतीक्षित मुकाबला 5 अक्टूबर को महिला विश्व कप 2025 के ग्रुप स्टेज में भारत और पाकिस्तान के बीच हाई-वोल्टेज मुकाबला 5 अक्टूबर को खेला जाएगा। यह मैच श्रीलंका के कोलंबो स्थित आर. प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में दोपहर 3 बजे (भारतीय समयानुसार) शुरू होगा। भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के बीच अब तक 11 वनडे मुकाबले खेले जा चुके हैं और सभी में भारत ने जीत दर्ज की है। पिछली भिड़ंत 2022 विश्व कप में माउंट माउंगानुई (न्यूजीलैंड) में हुई थी, जिसमें भारत ने पाकिस्तान को 107 रन से हराया था।

### एमएलसी 2025: टेक्सास सुपर किंग्स ने लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स को हराया, दर्ज की लगातार दूसरी जीत

**डलास।** टेक्सास सुपर किंग्स (टीएसके) ने मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) 2025 में अपने शानदार



प्रदर्शन को जारी रखते हुए सोमवार (भारतीय समयानुसार) लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स (एलएकेआर) को बड़े अंतर से हराकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहे जाने के बाद टीएसके ने एक बार फिर लगभग वही स्कोर खड़ा किया जो उन्होंने पिछले मुकाबले में किया था और अंतत: बाजी अपने नाम की। इस बार बल्लेबाजी में किसी एक खिलाड़ी का बड़ा योगदान नहीं रहा, बल्कि संयुक्त प्रयास देखने को मिला। टीम के असली हीरो गेंदबाजी में नजर आए — एक बार फिर एडम मिल्ने और युवा स्पिनर नूर अहमद चमके। पहली उल्लेखनीय साझेदारी एलेक्स हेल्स (17 गेंद में 25 रन) और उन्मुक्त चंद (23 गेंद में 22 रन) के बीच दूसरे विकेट के लिए हुई, जिन्होंने 27 रन जोड़े। हालांकि रन गति बेहद धीमी रही। इसके बाद उन्मुक्त चंद ने मैथ्यू ट्रॉम्प (12 गेंद में 23 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 28 रन जोड़े, लेकिन फिर भी टीम को जरूरी रफ्तार नहीं मिल सकी।

### आर्मंड डुप्लांटिस ने 12वीं बार पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा, स्टॉकहोम में रचा इतिहास



**स्टॉकहोम।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया है। रविवार को डायमंड लीग प्रतियोगिता के दौरान डुप्लांटिस ने 6.28 मीटर की ऊंचाई पार करते हुए 12वीं बार नया वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम किया। अमेरिका में जन्मे इस दो बार के ओलंपिक चैंपियन ने फरवरी में बनाए अपने ही रिकॉर्ड को एक सेंटीमीटर से बेहतर किया। स्टॉकहोम के ऐतिहासिक ओलंपिक स्टेडियम में आयोजित इस प्रतियोगिता में उन्होंने पहले ही प्रयास में यह कारनामा कर दिखाया। शानदार मौसम और घरेलू दर्शकों का उत्साह उनके प्रदर्शन को और ऊंचाई देने वाला साबित हुआ। डुप्लांटिस ने प्रतियोगिता से पहले ही वादा किया था कि वे रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करेंगे। उनके नाम की उद्घोषणा होते ही पूरा स्टेडियम तालियों और जोश से गूंज उठा। दर्शकों का उत्साह उनके हर प्रयास में झलकता रहा, और डुप्लांटिस ने भी उम्मीदों पर खरा उतरते हुए शानदार प्रदर्शन किया। ऑस्ट्रेलिया के कर्टिस मार्शल ने उन्हें चुनौती देने की भरपूर कोशिश की, लेकिन वे अधिकतम 5.90 मीटर की ऊंचाई तक ही पहुंच पाए। छह मीटर की बाधा पार करने में वे तीन बार असफल रहे, जिससे मैदान डुप्लांटिस के लिए खुल गया।

# अर्जुन बाबूटा ने शूटिंग लीग ऑफ इंडिया के लॉन्च पर कहा, अब इस खेल को मिलेगा उसका हकदार सम्मान

नई दिल्ली

**शूटिंग लीग ऑफ इंडिया (एसएलआई) की पहली सीजन की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है और देश के निशानेबाज इस अनोखे कॉन्सेप्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) द्वारा शुरू की जा रही इस लीग का उद्देश्य शूटिंग स्पोर्ट की बढ़ती लोकप्रियता और अंतरराष्ट्रीय मंच पर हालिया सफलताओं को और मजबूती देना है।**



2024 पेरिस ओलंपिक में भारत ने शूटिंग में तीन पदक जीतकर इतिहास रचा था और हाल ही में अर्जुन बाबूटा और आर्या बोर्से की जोड़ी ने आईएसएसएफ वर्ल्ड कप (राइफल/पिस्टल) में 10 मीटर एयर राइफल मिक्स्ड टीम इवेंट में गोल्ड मेडल जीतकर भारत की निरंतर श्रेष्ठता को दोहराया।

ओलंपियन अर्जुन बाबूटा का मानना है कि यह लीग इस खेल की दिशा और दशा दोनों को बदलने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा, हर कोई इस लीग को लेकर बहुत उम्मीदें रखता है। हमारे मन में जितनी कल्पनाएं चल रही हैं, उतनी शायद किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट को लेकर नहीं हुईं। मेरा मानना है कि इस तरह की लीग से खेल को हर स्तर पर बढ़ावा मिलेगा और यह अपने हकदार पहचान तक पहुंचेगा। अब हम बस इसके अगले कदमों का इंतजार कर रहे हैं।

अपने शांत स्वभाव और अनुशासन के लिए पहचाने जाने वाले अर्जुन ने एक आधिकारिक बयान में आगे कहा, मैं हमेशा कार्य पर ध्यान देने में विश्वास करता हूं, परिणाम की अपेक्षा नहीं करता। मैं शूटिंग का आनंद लेता हूं और मेरा ध्यान उसी पर रहता है। अगर कोई व्यक्ति किसी विशेष सोच से खुद को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित कर सकता है, तो वह भी अच्छा है।

हालांकि शूटिंग मुख्यत: व्यक्तिगत खेल है, लेकिन यह फ्रेंचाइज़ी आधारित लीग खिलाड़ियों को टीम माहौल में खेलने का मौका देगी। अर्जुन बाबूटा इस फॉर्मेट से पहले ही परिचित हैं, क्योंकि वह जर्मनी की प्रतिष्ठित शूटिंग बुंदेसलीगा में एक क्लब के लिए खेल चुके हैं।

उन्होंने बताया, मैं जर्मनी की टीम लीग का हिस्सा रह चुका हूं और वहां के सिस्टम से परिचित हूं। टीम का हिस्सा बनना एक अलग अनुभव होता है - यह रोमांचक होता है, दबाव भी कम होता है और खेल का आनंद भी आता है। दर्शकों के लिए भी यह फॉर्मेट बेहद मनोरंजक साबित होगा।

आईएसएसएफ द्वारा इस लीग के आयोजन के लिए 20 नवंबर से 2 दिसंबर 2025 तक का समय निर्धारित किया गया है। लीग में पिस्टल (10 मीटर, 25 मीटर), राइफल (10 मीटर, 50 मीटर 3 पोजिशन) और शॉटगन (ट्रैप और स्कीट) के मिक्स्ड टीम इवेंट्स होंगे, जिन्हें एनएआरआई की तकनीकी समिति से मंजूरी मिल चुकी है।

बाबूटा को विश्वास है कि इस लीग से खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धात्मक मानसिकता मजबूत होगी और आम जनता को भी खिलाड़ियों की सोच और संघर्षों को समझने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा, लोगों को सिर्फ फिल्मों से नहीं बल्कि असल जीवन में यह जानने का मौका मिलेगा कि एक एथलीट किस तरह मेहनत करता है, किस सोच के साथ आगे बढ़ता है। हर इंसान की अपनी चुनौतियां होती हैं, और अगर हमारी कहानियां उन्हें प्रेरित कर सकें तो यह इस लीग की बड़ी उपलब्धि होगी।

लीग में खिलाड़ियों को चार श्रेणियों में बांटा जाएगा — एलीट चैंपियंस, वर्ल्ड एलीट, नेशनल चैंपियंस और जूनियर व यूथ चैंपियंस। बाबूटा का मानना है कि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने से भारतीय निशानेबाजों को मानसिक मजबूती और नई रणनीतियों का लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा, पहले हमें लगता था कि हम तकनीकी रूप से मजबूत हैं, लेकिन मानसिक मजबूती में पीछे हैं। अब हम दुनिया के सर्वश्रेष्ठ में हैं। अगर हम उन्हीं के साथ एक टीम में खेलेंगे, तो नए विचार और अनुभव साझा होंगे, जिससे हमारी तैयारी और बेहतर होगी।

अर्जुन बाबूटा ने अंत में कहा, जिन लोगों को शूटिंग खेल की ज्यादा समझ नहीं है, वे इस लीग के जरिए न सिर्फ खेल को, बल्कि खिलाड़ियों की सोच और दर्शन को भी समझ पाएंगे। यह दर्शकों के लिए भी एक शानदार अनुभव होगा।

# सरफराज को लेकर टीम प्रबंधन पर बरसे आकाश चोपड़ा





मुम्बई

भारत ए की ओर से बल्लेबाज सरफराज खान के अच्छे प्रदर्शन के बाद पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने एक बार फिर टीम प्रबंधन पर निशाना साधा है। चोपड़ा ने कहा है कि अगर प्रबंधन को सरफराज पर भरोसा ही नहीं था तो उसे क्यों इंग्लैंड दौरे पर ले जाया गया था। चोपड़ा ने ये बात इसलिए कही है क्योंकि सरफराज को इस दौरे के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किया गया है। भारत ए और भारतीय टेस्ट टीम के बीच इंट्रा स्क्वॉड मैच में सरफराज ने जबरदस्त पारी खेली। उन्होंने कहा है कि जब आपको सरफराज की तकनीक ही पसंद नहीं है तो उनको इंडिया ए के लिए भी क्यों रखते हो

15 चौके और 2 छक्कों की मदद से इस इंट्रा स्क्वॉड मैच में शतक लगाने से पहले सरफराज ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भी 92 रनों की पारी खेली थी। पिछली सीरीज के दौरान ये बल्लेबाज भारत की टेस्ट टीम का हिस्सा था पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

**तकनीक ही पसंद नहीं है तो उनको इंडिया ए के लिए भी क्यों रखते हो**

में उसको अवसर नहीं मिला था। इस पर चोपड़ा ने कहा है कि इस खिलाड़ी ने ऐसा कुछ गलत नहीं किया है कि उनको टेस्ट टीम में न रखा जाए।

चोपड़ा ने कहा, सरफराज ने अब तक कुछ भी गलत नहीं किया है। वास्तव में, उन्होंने अब तक कुछ भी गलत नहीं किया है। उन्होंने जो एक मैच खेला, उसमें उन्होंने 90 से ज्यादा रन बनाए। वे शतक नहीं बना पाए, लेकिन उन्होंने रन बनाए।

उसके बाद, आपने उन्हें अगले मैच में नहीं खिलाया और वे टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह अब तक इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका में विफल नहीं हुए हैं, लेकिन आपने उन्हें मौका ही नहीं दिया। यह अच्छी कहानी नहीं है।

### श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए घोषित की टीम, तीन नये खिलाड़ी शामिल

**कोलंबो।** श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने इस माह के अंत में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम टीम घोषित कर दी है। इस सीरीज से दोनो ही टीमों के नए टेस्ट चैंपियनशिप सर्किल 2025 से 2027 सत्र की शुरुआत होगी। दो मैचों की ये टेस्ट सीरीज 17 जून से शुरु होगी और इसका पहला मुकाबला गाले में खेला जाएगा। इसमें श्रीलंकाई टीम की कप्तानी धनंजय डी सिल्वा टीम करेंगे।

### डीडीसीए ने राजधानी में शुरू की मेगा टी20 क्रिकेट लीग, 104 क्लबों की होगी टक्कर



दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने राजधानी की सबसे बड़ी और बहुप्रतीक्षित टी20 क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ कर दिया है। इस इंटर-क्लब टूर्नामेंट की शुरुआत सेंट स्टीफंस कॉलेज ग्राउंड में हुई, जहां क्रिकेट प्रेमियों, खिलाड़ियों और अधिकारियों की उत्साही मौजूदगी देखने को मिली। यह टूर्नामेंट न केवल स्थानीय क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का प्रयास है, बल्कि युवा प्रतिभाओं के लिए एक सुनहरा मंच भी साबित होगा। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला मद्रास क्रिकेट क्लब और यॉर्क्स क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया, जिससे टूर्नामेंट की रोमांचक शुरुआत हुई।

# भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना के खिलाफ झोंकेगी पूरा दमखम

लंदन

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करीबी हार के बाद अब भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 (महिला) के लंदन चरण में वर्ल्ड नंबर 2 अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मुकाबलों के लिए पूरी तरह तैयार है। दोनों टीमें 17 और 18 जून को ली वैली हॉकी एंड टेनिस सेंटर लंदन में आमने-सामने होंगी। एफआईएच प्रो लीग (महिला) अंक तालिका में भारत इस समय 9 अंकों के साथ 7वें स्थान पर है, जबकि अर्जेंटीना 12 में से 7 मुकाबले जीतकर दूसरे स्थान पर काबिज है। टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने आगामी मुकाबलों को लेकर एक बयान में कहा, अर्जेंटीना दुनिया की नंबर 2 टीम है और उनका अब तक का प्रदर्शन शानदार रहा है। हम जानते हैं कि उन्हें हराना



आसान नहीं होगा, लेकिन हम पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे और दोनों मुकाबलों में अपना शत-प्रतिशत देंगे। टीम ने अर्जेंटीना को टक्कर देने के लिए कई रणनीतियों पर काम किया है। उपकप्तान नवनीत कौर ने कहा, जैसा कि आपने देखा, टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी कड़ी टक्कर दी थी और हम वही रवैया अर्जेंटीना के खिलाफ भी दिखाएंगे। उनके खिलाफ जीत से न सिर्फ अंक मिलेंगे, बल्कि बेल्जियम और चीन के खिलाफ एंटवर्प व बर्लिन में होने वाले मुकाबलों से पहले टीम का आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

# फीफा क्लब विश्व कप में पीएसजी की धमाकेदार शुरुआत, एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से हराया

पैसाडेना (लॉस एंजेलिस)

हाल ही में चैंपियंस लीग जीतने वाली पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने फीफा क्लब विश्व कप के अपने पहले मैच में स्पेनिश क्लब एटलेटिको मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त दी। यह मुकाबला रविवार को रोज़ बाउल स्टेडियम में खेला गया, जहां फ्रांसीसी क्लब ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा।

गर्म और धूप भरे माहौल में खेले गए इस मैच में पीएसजी को अपने दो अहम खिलाड़ी — उस्मान डेम्बेले और ब्रैडली बारकोला — की कमी खलने नहीं दी। शुरुआत से ही पीएसजी ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और 19वें मिनट में फाबियन रूइज़ ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिला दी।

पहले हाफ में एटलेटिको की ओर से एकमात्र स्पष्ट मौका एंटोइन ग्रिज़मैन के पास आया, लेकिन उनका शॉट सीधे डोनारुमा के हाथों में गया। इसी मौके से पीएसजी ने तेज़ काउंटर अटैक किया और विटिन्हा ने 2-0 की बढ़त दिला दी।



दूसरे हाफ की शुरुआत में एटलेटिको ने कोके को मैदान में उतारा, लेकिन इससे टीम की रफ्तार में कोई खास बदलाव नहीं आया। ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने बार को निशाना बनाया और एटलेटिको के डिफेंडर्स पर लगातार दबाव बनाए रखा। मैच के 57वें मिनट में जूलियन अल्वारेज़ ने गोल किया, लेकिन फाउल की वजह से उसे अमान्य कर दिया गया। इसके बाद एटलेटिको को और झटका तब लगा जब डिफेंडर क्लेमेंट लेंग्ले को दो पीले कार्ड के चलते बाहर कर दिया गया। 87वें मिनट में सब्स्टीट्यूट सैनी मायूलू ने तीसरा गोल दागा, वहीं इंजरी टाइम में कांग-इन ली ने पेनल्टी को गोल में बदलकर स्कोर 4-0 कर दिया। यह पेनल्टी रॉबिन ले नोर्मांड द्वारा हैंडबॉल करने पर मिली थी।

मैच के बाद पीएसजी के कोच लुइस एनरिके ने कहा, यह सीज़न हमारे लिए इतिहास रचने का मौका है। क्लब, खिलाड़ी और फैंस सभी जीत के भूखे हैं। हम हर टूर्नामेंट की तरह यहां भी खिताब जीतना चाहते हैं।

### बीसीसीआई ने यात्रा नीति में किया बदलाव, अब हर दिन दिये जाएंगे 10 हजार रुपये

**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपनी यात्रा नीति को सरल बनाया है। बीसीसीआई की मौजूदा यात्रा नीति के अनुसार कर्मचारियों को छोटी अवधि की यात्रा (चार दिन तक) के लिए प्रतिदिन 15,000 रुपये और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल), महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) और भारत द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की प्रतियोगिताओं से संबंधित लंबी अवधि की यात्रा के लिए प्रतिदिन 10,000 रुपये का भुगतान किया जाता रहा है। हालांकि, अब इसमें बदलाव किया गया है। यात्रा के दौरान एकमुश्त आकस्मिक भत्ता 7500 रुपये था पर अब आकस्मिक भत्ते को हटा दिया गया है और कर्मचारियों को अब यात्रा के दौरान प्रतिदिन 10,000 रुपये का भुगतान किया जाएगा।



# मोटी महिलाओं के बच्चों में होता है ऑटिज्म का खतरा

**मोटापे** और मधुमेह की शिकार महिला के गर्भ में पल रहे शिशु में छठे महीने के दौरान आकार बढ़ने की पांच गुणा ज्यादा संभावना होती है। एक अध्ययन के अनुसार ऐसी महिलाओं के गर्भस्थ शिशू में ऑटिज्म का खतरा भी चार गुना बढ़ जाता है।

## महिलाओं पर शोध के बाद सामने आया नतीजा

मोटापे और मधुमेह से ग्रस्त गर्भवती महिलाओं के बच्चों के 'ऑटिज्म' के साथ जन्म लेने का खतरा चार गुना अधिक रहता है। ये बात अनुसंधानकर्ताओं ने 1998 से 2014 के बीच मां और बच्चे की 2700 से अधिक जोड़ियों का अध्ययन करके पता लगाई है कि गर्भावस्था के दौरान मोटापा और मधुमेह दोनों से ग्रस्त होने वाली मां जिन बच्चों को जन्म देती है, उनमें ऑटिज्म का खतरा स्वस्थ मां से पैदा हुए बच्चों की तुलना में चार गुना अधिक होता है। वहीं गर्भवती महिला को इनमें से कोई एक समस्या, मोटापा अथवा मधुमेह होने पर बच्चों में ऑटिज्म का खतरा दोगुना होता है।

## क्या है ऑटिज्म



ऑटिज्म एक ऐसा रोग है, जिसमें रोगी बचपन से ही परिवार, समाज तथा बाहरी माहौल से जुड़ने की क्षमताओं को गंवा देता है। यह एक तरह का न्यूरोलॉजिकल डिसॉर्डर है, जो बातचीत और दूसरे लोगों से व्यवहार करने की क्षमता को सीमित कर देता है। इसे ऑटिस्टिक स्पैक्ट्रम डिसॉर्डर कहा जाता है, क्योंकि प्रत्येक बच्चे में इसके अलग-अलग लक्षण देखने को मिलते हैं। इनमें से कुछ बच्चे बहुत जीनियस होते हैं या उनका आईक्यू सामान्य बच्चों की तरह होता है, लेकिन उन्हें बोलने और सामाजिक व्यवहार में दिक्कत होती है। कुछ ऐसे भी होते हैं, जिन्हें सीखने-समझने में परेशानी होती है और वे बार-बार एक ही तरह का व्यवहार करते हैं।

## मेटाबालिक हेल्थ पर बुरा असर पड़ने का नतीजा

जनरल में प्रकाशित अपने लेख में कहा कि यह बहुत आश्चर्यजनक नहीं है। कई अध्ययनों में यह साबित हो चुका है कि गर्भावस्था के दौरान मोटापा और मधुमेह से भ्रूण के विकास और उनके मेटाबोलिक स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने कहा इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि गर्भवती महिलाओं में मोटापा और मधुमेह जन्म लेने वाले बच्चे के तंत्रिका तंत्र के विकास पर भी प्रभाव डालता है। अध्ययन से हालांकि यह साबित नहीं होता है कि मां का मोटापा और मधुमेह बच्चे में ऑटिज्म की बीमारी का कारण बन सकता है। डा. वांग का कहना है कि इसे साबित करने के लिए अभी और अध्ययन की जरूरत है।

## एक्टिव रहें, धीमी शुरुआत करें

जो लोग आमतौर पर कसरत नहीं करते, उन्हें धीमी शुरुआत करनी चाहिए। उन्हें अपनी गति और कसरत का वक्त भी धीरे-धीरे बढ़ाना चाहिए। हफ्ते में ढाई घंटे कोई शारीरिक गतिविधि करने का लक्ष्य बनाएं। इसके लिए चाहें तो वॉकिंग भी की जा सकती है। हफ्ते में पांच दिन रोजाना आधा घंटा पैदल चलना अच्छा रहेगा। इसके साथ ही अगर वक्त की कमी के चलते आप एक साथ तीस मिनट नहीं चल सकते हैं।



## नाखून चबाने से होती है ये लाइलाज बीमारी

हम अक्सर अपने आस-पास लोगों को नाखून और उसके आस-पास की स्किन चबाने देखते हैं। वैसे तो नाखून की स्किन चबाना हमें आम सी बात लगती हैं लेकिन शायद आप यह नहीं जानते कि इस गंदी आदत की वजह से हमारी सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ सकता है। इससे पेट संबंधी परेशानी होना स्वाभाविक है। इससे पाचन शक्ति भी कमजोर होती है। नाखून चबाने से अन्य भयानक रोग भी हो सकते है।



क्रोध एक प्राकृतिक भावना है। ईसा पूर्व 200 वर्षो से 200 ईसवी तक के काल के बीच लिखे गए नाट्य शास्त्र में क्रोध को एक 'रस' या नैसर्गिक भाव कहा गया है।

# आइए समझें गुस्से का मनोविज्ञान



**अमेरिकन** फिजियोलॉजिकल एसोसिएशसन ने 'गुस्से को विपरीत परिस्थितियों के प्रति एक सहज अभिव्यक्ति कहा गया है। इस उग्र प्रदर्शन वाले भाव से हम अपने ऊपर लगे आरोपों से अपनी रक्षा करते हैं। लिहाजा अपनी अस्तित्व रक्षा के लिए क्रोध भी जरूरी होता है। आधुनिक जीवनशैली किसी भी व्यक्ति को तनाव में धकेल सकती है। अब जबकि हजारों लोगों को अपने रोजगार और घरों से हाथ धोना पड़ रहा है और यहां तक कि सेवानिवृत्त लोगों की सुरक्षित राशियां भी बाजारी उथल-पुथल के कारण गायब होती जा रही हैं - इस लिहाज से इस काल को 'ऐज ऑफ एनग्जाइटी' या व्यग्रता का युग कहा जा सकता है। इसके विपरीत, यह भी सच है कि कुछ लोग चाहे उनकी आर्थिक या पारिवारिक स्थिति कैसी भी हो, हमेशा तनाव में रहते हैं। दरअसल, वह पैदाइशी तनावग्रस्त होते हैं।



## क्या आपको गुस्से की समस्या है?

गुस्से को पहचानने की जरूरत है। लोगों को टाइप ए और टाइप बी पर्सनालिटी के आधार पर पहचानें। टाइप ए पर्सनालिटी के लोग वे होते हैं जिनकी किसी वस्तु को प्राप्त करने की इच्छा ज्यादा तीव्र होती है। ऐसे लोगों को गुस्सा बहुत जल्दी आता है, वह जल्द ही धैर्य खो बैठते है। आप भी इस श्रेणी में आ सकते हैं, अगर आपमें ये बातें है

- धैर्य की कमी
- खाना जल्दी खाना
- बैचेनी
- काम-काज के दौरान चिड़चिड़ापन
- गुस्से के दौरान खुद को नुकसान पहुंचाना

## बेचैनी और तनाव भी बढ़ाते हैं क्रोध

तनाव डर से अलग होता है। इनसान या किसी अन्य जीवित प्राणी को डर उसके सामने मौजूद किसी चीज से लगता है। इसके विपरीत तनाव में व्यक्ति अपनी निर्णय करने की क्षमता को लेकर उलझा रहता है। व्यक्ति इस दौरान 'तब क्या होगा' के भंवर में फंसकर रह जाता है। लेकिन जब डर कामकाज से उलझने लगता है तो तनाव 'क्लीनिकल एनग्जाइटी डिसॉर्डर' का रूप ले लेता है, जिसके अपने कई रूप हैं जिनमें पैनिक, सोशल एनग्जाइटी, फोबिया, ऑब्सेसिव-कम्पलसिव, पोस्ट ट्रॉमेटिक स्ट्रेस और सबसे ऊपर एनग्जाइटी डिसॉर्डर हैं। चिंता दिमाग में एमिग्डला में अत्यधिक हलचल के कारण उत्पन्न होती है जो दिमाग के बीच का हिस्सा होता है। दिमाग का यह हिस्सा नएपन और किसी खतरे का सामना होने की सूरत में सजग होता है। अपने साधारण कामकाज के दौरान एमिग्डला नए वातावरण के प्रति शारीरिक क्रियात्मक उत्तर देता है। इस क्रिया में भावनात्मक अनुभवों की स्पष्ट यादें होती हैं। लेकिन कगान के अध्ययनों के मुताबिक विशिष्ट मानसिक बनावट वाले लोगों में एमिग्डला अतिक्रियात्मक होता है।

## गुस्से पर करें काबू

- गुस्से पर नियंत्रण रखने के लिए बेहतर है कि आप सकारात्मक और क्रिएटिव काम करें
- गुस्सा होने पर किसी म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट को बजाएं
- कमरे को साफ करें, पिक्चर देखने जाएं, थोड़ा घूम आएं
- कुछ भी ऐसा करें जिससे आपका ध्यान कुछ देर के लिए बंट जाएं
- मजाक तनाव दूर करने का सबसे बेहतर तरीका है।
- शोध दर्शाते हैं कि तनाव को दूर करने के लिए पानी पीना चाहिए। यह तनाव को दूर करता है
- समय पर खाना खाने से, कसरत करने से और पर्याप्त आराम करने से गुस्सा कम आता है
- योगा, मेडिटेशन और कांगनेटिव तकनीक भी तनाव और गुस्से को दूर करने में कारगर है

## ज्यादा टीवी देखना

हिंसक प्रोगाम देखना, क्राइम शो आदि बच्चों के मन-मस्तिष्क को पूरी तरह प्रभावित करते हैं। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि कई बार युवा हिंसा के प्रति संवेदनशील नहीं रहते और उन्हें किसी कार्य का प्रतिरोध करने के लिए गुस्सा नाजायज नहीं लगता।



## दिमाग को ठंडा रखें

अकसर गुस्से के दौरान किसी को समझाने के लिए कहा जाता है कि अपने दिमाग को ठंडा रखो। हाल ही एक शोध में एक बात सामने आई है कि अगर दिमाग को ठंडा रखा जा सकें तो हृदय और पक्षाघात के खतरों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। छात्र हैरिस ऐसे ही शोध में लगे हुए है। उन्होंने ऐसा कूल हेलमेट डिजाइन किया है जो कि हाइपरथैमिया को प्रेरित करने के काम आता है। आप भी इस बात से वाकिफ होंगे कि माथे पर ठंडा कपड़ा रखने से सिरदर्द में आराम मिलता है।

## ये हैं गुस्से के प्रमुख कारण

### नींद



सोना अचेतन की अवस्था होती है। सोने से शरीर के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है। सोने के दौरान लगातार इस्तेमाल होने वाले मांसपेशियां और जोड़ रिकवर होते हैं। रक्तचाप कम होता है और हृदय गति कम होती है। उसी दौरान शरीर में ग्रोथ हार्मोन का स्रवण होता है। इस दौरान ही दिमाग रोजमर्रा की सूचनाओं को एकत्रित करने का काम करता है। तनाव, लंबे समय तक कार्य, जीवनशैली के कारण सोने की समस्याएं होती है। बिना पूरी नींद के दिमाग और शरीर सही तरीके से फंक्शन नहीं कर पाता। पर्याप्त नींद न लेने से कई तरह की बीमारियां होती है। स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त नींद और आराम आवश्यक है।

### पूरी नींद लें

- कॉफी, चाय, कोला, चॉकलेट का सेवन सीमा में करें। निकोटीन, एल्कोहल और कैफीन से आपकी नींद पूरी नहीं हो पाती।
- अपने दिमाग और शरीर को रिलैक्स होने का समय दें।
- मेडिटेशन करें, किताब पढ़ें, संगीत सुनें और एरोमाथेरेपी करें।
- सोने और जागने की दिनचर्या बनाएं।

**शारीरिक अवस्था**- कुछ स्थितियां जैसे कि एडीडी (एडिशन डेफिसिट डिअसॉर्डर)की वजह से लोग चिड़चिड़े और गुस्सैल हो जाते हैं। हार्मोनल असुंतलन और हृदय रोगों की वजह से भी लोग जल्दी आपा खो बैठते हैं।

### अकेलापन



किसी नई जगह पर अकेले रहना गुस्से का एक कारण होता है। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि जिन लोगों के दोस्त कम होते हैं सामान्यतः उन्हें गुस्सा जल्दी आता है। ऐसे बच्चे जो कि न्यूक्लियर फैमिली में पैदा होते हैं और उनके माता या पिता में से कोई एक मानसिक रूप से पीड़ित होता है। मानसिक अनियमितता की वजह से वे गुस्सैल हो जाते हैं। वे गाली देने लगते हैं, भाई-बहन से मारपीट करने लगते हैं, चीजों को तोड़ते हैं। मनोचिकित्सकों का कहना है कि अगर आपका बच्चा गुस्सा ज्यादा करता है मतलब वह कहीं न कहीं हताश है।

### महत्वाकांक्षा

कारपोरेट दुनिया ने प्रगति के दो पैमाने बना दिए है पहला प्रदर्शन और दूसरा कम समय में काम को बेहतर तरीके से कर सकने की क्षमता। इस पैरामीटर पर खरा उतरने की कोशिश में कई बार लोग हताश और गुस्सैल प्रवृत्ति के हो जाते हैं। मनोवैज्ञानिक कहते हैं कि दूसरों की भावनाओं की क्द्र न करना, लोगों के अभिवादनों के प्रति संवदेनशीलता कम होना, भौतिक सुख-साधनों को पाने का लालच ज्यादा बढ़ना हमेशा गुस्से का कारण बनता है। आज के दौर में कई प्रोफेशन ऐसे हो गए हैं जिनमें कई बार उपभोक्ताओं के गुस्से का सामना करना पड़ता है और उनकी सही-गलत बातों को मुस्कराकर सुनना पड़ता है। ऐसे में कई बार कुछ न कह सकने की हताशा गुस्से में परिणित हो जाती है।

### गुस्सा बिगाड़ता है सेहत

गुस्सा वातावरण को तो खराब करता ही है। आपकी सेहत को भी नुकसान पहुंचाता है। गुस्सैल लोगों के फेफड़ों का फंक्शन खराब करता है साथ ही इम्यून सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ता है।

इसकी वजह से आप तनाव से होने वाली बीमारियों के शिकार हो जाते हैं। गुस्सैल व्यक्ति खुद को तो नुकसान पहुंचाता है, अपने आसपास के माहौल को भी बिगाड़ता है। एक बुरा पहलू ये है कि गुस्सा करने वाले व्यक्ति को इस बात का इल्म तक नहीं होता कि वह गुस्सा है लेकिन सुखद पक्ष ये है कि गुस्से को नियंत्रित और मैनेज किया जा सकता है।



# इस पैशन से पचास बीमारियां

**नौजवानों** का पैशन है बाइक ड्राइविंग। हैवी ट्रैफिक के बीच घंटों तेज रफ्तार में ड्राइविंग जिस्म पर भारी पड़ती है और दिमाग पर भी। शहरी बाइकर्स के लिए तो यह समस्या और अधिक है क्योंकि शहर की भीड़-भाड़ ड्राइविंग को न सिर्फ जोखिम भरा बना रही है, बल्कि सेहत पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती है। जिस्म और दिमाग दोनों इसके शिकार हो रहे हैं।एक अंदाजा है कि महानगरों में नौजवान रोजाना औसतन 60 से 100 किलोमीटर तक बाइक भगाते हैं। लड़कियां भी इस मामले में कहीं पीछे नहीं हैं। लड़कियां रोजाना 40 से 60 किलोमीटर तक गाड़ी चलाती हैं। अब तो स्कूल-कॉलेज जाने के लिए भी लड़के-लड़कियां दुपहिए दौड़ाने लगे हैं। इन सबका नतीजा यह हो रहा है कि छोटी उम्र में ही दस तरह की शारीरिक व मानसिक परेशानियां होने लगी हैं।



### आंखों को लगी नजर

बाइक सवारों की आंखों को बहुत कुछ झेलना पड़ता है जैसे धूप, हवा, धूल, धुआं और यहां तक कि हवा में उड़ने वाले कीट-पतंगे भी। आंखों में बहुत ज्यादा हवा, धूल, धूप लगने से 'टरेजियम' की समस्या पैदा हो जाती है। इससे आंखों से लिसलिसा पदार्थ निकलने लगता है जिसकी वजह से जलन, खुजली और लालिमा की समस्या पैदा हो जाती है। वहीं लगातार ड्राइव करने की वजह से आंखें शुष्क हो जाती हैं और उनमें जलन होने लगती है। कई बार ड्राइव करते समय दिखना भी बंद हो जाता है।

### टेढ़े बैठे तो नाजुक गर्दन गई

करीब दस हजार लोगों में शोध करने पर पाया गया कि गर्दन की समस्याएं अक्सर ठीक ढंग से सवारी (बॉडी का सही पॉस्चर न होना) न करने की वजह से होती हैं। इसमें हेल्मेट को ठीक से न पहनना एक बड़ा कारण माना जाता है। इसकी वजह से कभी-कभी गर्दन में दर्द होने लगता है। ऐसा खासकर तब होता है जब हेल्मेट सिर पर काफी आगे की तरफ हो। अगर हेल्मेट आगे की ओर से नीचे झुका हुआ है तो बाइक सवार को सामने देखने के लिए अपना सिर उठाकर रखना पड़ता है।

### कॉरपल टनल सिंड्रोम के लक्षण

- सिर एवं अंगुलियों में दर्द, हाथ एवं पैर की अंगुलियों में सिहरन, अंगुलियों का सुन्न होना, ग्रिप (पकड़) का ढीला होना, हाथों और कलाइयों में दर्द की शिकायत का बढ़ना आदि।

### बचाव के टिप्स

- लेटते समय अपने हाथ के नीचे तकिया रखें।
- अपने हाथों का अत्याधिक इस्तेमाल न करें।
- केवल एक ही हाथ से काम न करें।

### ऐसे करें बचाव

ज्यादा बाइक चलाने से होने वाले पीठ दर्द से बचा जा सकता है। लगातार एक घंटा बाइक चलाने से बचें। अगर किसी वजह से एक घंटे से अधिक बाइक चलानी पड़ भी रही है तो बीच में एक ब्रेक लें। रुक कर अपनी टांगों की स्ट्रैचिंग करें। ड्राइव करते वक्त अपनी पोजीशन समय समय पर बदलते रहें। ध्यान रखें कि ऐसा करते समय वाहन पर आपके नियंत्रण में कोई कमी न आए। रेड लाइट शरीर को आराम देने के लिए सही जगह है, जहां आप अपने हाथों, कंधों और पैरों को हिला-डुला कर उन्हें सुन्न होने से बचा सकते हैं।

### क्लच से कलाई का कबाड़ा

यह कलाई और हाथों में होने वाला एक दर्द विकार है। कॉरपल टनल हाथों की पतली हड्डियों और कलाई के ऊतकों द्वारा बनाई गई एक सुरंग है। यह सुरंग आपकी मंझली तंत्रिका की हिफाजत करती है। मंझली तंत्रिका अंगूठे, तजर्नी, मध्यमा और अनामिका तक संवेदन का अहसास कराती है, लेकिन जब कलाई की नाजुक हड्डियों और स्नायु पर दबाव पड़ता है तो सूजन बढ़ने लगती है। दबाव पड़ने की सूरत में इससे संबंधित विभिन्न हिस्से सुन्न पड़ने लगते हैं। बाइक चलाने वालों में यह समस्या अधिक देखने में आती है। अंगुलियों का सुन्न होना एक खतरनाक लक्षण है। अक्सर इसका संबंध कॉरपल टनल सिंड्रोम से होता है। बाइक चलाते समय कलाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

### कैसे करें बचाव

- ड्राईविंग करते समय अपना पॉस्चर सही रखें।
- यह सुनिश्चित करें कि बाइक चलाते वक्त आपका हेल्मेट आपके सिर पर ठीक तरीके से फिट हो और उसका झुकाव आगे की ओर न हो।
- गाड़ी चलाते वक्त भारी बैग को अधिक समय तक एक ही कंधे पर ना लटकाए रहें। उसे दोनों कंधों पर बारी-बारी से टांगें।
- मसाज कराने और गर्म पानी से नहाने से रोगी को तात्कालिक आराम मिल सकता है।
- पर्याप्त मात्र में कैल्शियम और विटामिन डी लेना चाहिए तथा नियमित रूप से व्यायाम करें।
- यदि आपके कंधे में सूजन, अंगुली में झनझनाहट, गर्दन दर्द या सिर दर्द है तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें क्योंकि इसका संबंध आपकी बाइक ड्राइविंग से हो सकता है।

## रेसिपी

### सोया दही वड़ा!



#### सामग्री

1 कप सोयाबीन सोया बड़ी, 2 - आलू ( उबलें ), 1 - प्याज ( बारीक कटा हुआ ) , 2 - हरी मिर्च ( बारीक कटी हुई ) , 1 टीस्पून गरम मसाला पाउडर , 1/4 टी स्पून अदरक कूटा हुआ , 1/4 कप ब्रेड , क्रम्ब्स स्वादानुसार,नमक , दही के लिए सामग्री, 1 टीस्पून राई ,1 टीस्पून उडद दाल, 1 टीस्पून अदरक, कद्दूकस किया हुआ, 7-8 करीपत्ते , 2 कप बटरमिल्क ,4 टीस्पून लाल मिर्च पाउडर , आधा टीस्पून चाट, मसाला , तेल व घी

#### विधि

एक बाउल लें उसमे स्टफिंग की सभी सामग्री को अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण के छोटे-छोटे गोले बना लें। अब इन गोलों को सुनहरा होने तक सेंकें। अब तैयार गोलों को अलग रख दें। अब एक पैन ले इसमें घी डालें और गर्म होने पर राई डाले। फिर इसमें उडद दाल, करीपत्ता डालें। फिर इसे भी अलग रख दें। अब दही का मिश्रण तैयार करने के लिए बटरमिल्क को अच्छे से फेंट लें फिर इसमें सभी मसाले और नमक को अच्छे से मिला लें। अब इस मिश्रण को बाउल में डालकर इसमें तैयार गोलों को डालें। ऊपर से इसमें इमली की चटनी डालें और 20 मिनट के लिए फ्रिज में रखे। अब लाल मिर्च पाउडर और चाट मसाला से गार्निशें करके सर्व करें।

### आलू की खीर



#### सामग्री

दूध आधा लीटर
आलू 1
शक्कर स्वादानुसार
थोड़ा सा केसर
मिक्स ड्रायफरूट्स 2 टेबलस्पून कटे हुए

#### विधि

सबसे पहले दूध को गाढा होने तक उबालते रहें। अब आलू को मीडियम साइज में काट लें। आलू को काटने के बाद में इनहें घी में लाइट फ्राई करें। अब इसमें केसर व शक्कर मिलाकर शक्कर के पिघलने तक पकाएं। फ्राई किए हुए आलू व ड्रायफरूट्स मिलाकर 5 मिनट तक पकाएं। अब आलू की खीर को फ्रिज में ठंडा करने के लिए रखें।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : प्रदीप शील ● सहयोगी संपादक : रवि शंकर चौधरी ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**